If all perception be of a transient character
There shou'd be no recollection of past
events, but the fact is that we do
recollect what we had seen in the past.
No knowledge can say that it is
erroneous

श्राउर्ड्

(कफन्)

इन्दिरा

अभिव्यंजना, नयी दिल्ली

यह चतुराई हम नहीं कीन्ही
फिर,
तुम क्यों कर गये हम सौ परिहास

मात्र आपके लिए
इन्दिरा

Your love is a living factor for me
'Anash'
Whom I should ask—love is an
Invention of death ?

मेरा यह प्रयास है उस रूप का
जिसे शब्दा मे पिरोते समय

जीजाबाई	+	शिवाजी
तात्या	+	पृथ्वीनाथ
शाहजहा	+	जहाआरा
नेहरू	+	इदिरा
नारायण	+	इदिरा

—(यह नाम पल-पल स्मरण करने पडेंगे।)

मेरे शब्द

कहा से प्रारम्भ करू, समय नही पाती
अन्त करने का तो प्रश्न ही नही ।
प्रत्यक व्यक्ति
के पास "स्वय" का कुछ होता है, अगर वह उससे छिन
जाए तो उस पीडा की अभिव्यक्ति शब्दो मे व्यक्त करना
असम्भव हो जाती है,
कोई कर पाएगा यह एक अनुत्तरित प्रश्न है,
प्यार ! स्नेह
जिसम मनचली क्षण क्षण गल रही है सम्भवत वेदना
के द्वारा ही पोषण प्राप्त करते हैं जिससे उसकी स्मृति मे
मनुष्य जीने का सम्बल सभाले रहे
जन्म एक शाश्वत सत्य है
मत्यु मात्र प्रतीक्षा
सत्य और प्रतीक्षा के मध्य मनचली आज तक मूल रही है
उस व्यक्ति की छाह म जिसने उसे आकार दिया, रूप दिया
शब्द दिये
मनचली जीवन भर उस व्यक्तित्व के साथ जुडी रहती अगर
वायु का एक झोका न आता ।
उसने सब कुछ बिखेर दिया प्यार, ज्ञान, दशन, बोध और
वह ठगी सी खडी रह गई
निर्वाक
निस्तब्ध
आज भी खडी है,
आप भी देखिए, शायद वह कुछ भूलने की स्थिति मे आ जाए

● इन्दिरा
31 सावन सासायटी
घोडासर
अहमदाबाद-380050

दूरभाष
52067

क्या सम्बोधन दू ?
किसको सम्बोधित करू ?
आशा
निराशा
या
मात्र, यत्रणा
मेरे यह सतप्त शब्द आप तक पहुच सकेंगे ?
विश्वास नही होता
होने का प्रश्न भी नही आज जहा आप हैं वहा कोई
स्वय नही पहुच पाता तो उसके शब्द कैसे पहुचेंगे ?
यह अभिशाप है,
नहीं,
यह यथार्थ है
यथार्थ ही नियति है
यथार्थ ही प्रारब्ध है
लगता है
आज जीवन की दौड मे बहुत पीछे रह गई, नही मैं
बहुत आगे चली गई और जीवन बहुत पीछे छूट गया।
प्रत्येक व्यक्ति की अपनी अनुभूतिया होती हैं और
इन अनुभूतियो के साथ जुडे होते हैं कुछ रहस्य।
आपको याद होगा आपने एक पत्र मे मुझे लिखा था
"कैसा बुतखाना कहा का दौर कैसी खानकाह
जिस जगह सिजदा किया हमने वो काबा हो गया।"

जीवन का सत्य अगर कुछ है तो आपका एक यही
वाक्य।

आज अनायास मेरा अपना अतीत मेरे सामने आकर
खड़ा हो गया। हम दोनों ही स्तब्ध हैं अवाक् हैं।
सोचा कि मेरे इस अनुभूति भरे अतीत से और
कुछ तो कर नहीं सकी कम से कम अपना कफन तैयार कर लू ?
आज वही कफन तैयार करने का प्रयास प्रारम्भ किया है।
आत्मा और मन दोनो ही संघर्ष कर रहे हैं और इन दोनो
के मध्य मेरा विवेक अट्टहास कर रहा है। "मानो पूछ रहा है
शब्दो का कफन तैयार कर रही हो इतने शब्द हैं तुम्हारे पास
कि पाच फुट की लाश ढकी जा सके ?
इतने शब्द ?
जरूर फिर प्रयास है मेरा, लगता है आपने मेरे साथ
विश्वासघात किया है,
नहीं-नहीं, क्षमा करिएगा, आप तो सदा कहते थे कि पहले
आप आए हैं आप ही जायेंगे प्रस्थान का पहला
अधिकार आपका है
यह तो मेरा हठ था,
मेरा हठ
मेरा हठ कैसे पराजित हो गया, राजहठ, बाल हठ और स्त्री हठ, श्रेष्ठ
हठो मे से हैं ।
राम आदर्श थे, कृष्ण कर्मयोगी, बुद्ध संत मौन, ईसा पर दुख भंजन,
गांधी समय के प्रवाह में जलता हुआ तेज पुंज
लेलिन सर्वहारा, अरस्तु चिंतक, गेटे कवि स्पैंसर
दार्शनिक, शरद नारी का मुक्ति दूत था लेकिन आप इन
सबसे श्रेष्ठ।

(1)

स्थान नया हो या पुराना
परिचित या अपरिचित, हम तो अपने ही तानपूरे
की कीलों मे अपने को बन्द रखते हैं, वेदना की
कील कोई विशेष नहीं होती जहाँ कोई स्थिर स्वर
सुरक्षित रखा जा सके। वह तो एक आमंत्रित होती

है मूर्छा होती है जिसके अन्तगत न चाह कर भी
हमे डुबकी लगानी पड़ती है।
वास्तव मे वह तो मैंजुअरिना का नशा होता है क्योंकि मूर्छा
की अनुभूति अवसाद देती है, ग्लानि को जन्म देती है
लेकिन नशा तो मादकता है वेदना से उसका (कोई स्थाई
या अस्थाई) किसी प्रकार का सम्बन्ध नही होता उसकी
तो सतरगी अपनी दुनिया होती है जहा पराभव के काले
धुए मे न जान कितने पटबीजने आख मिचौनी करते रहते हैं
नीले आसमान और हरी धरती के ऊपर कितन चन्दन महल
बनते हैं।
जो सशक्त एव वास्तविक चन्दन महल नही बना पाता उसे क्या
अधिकार है इस प्रकार के चन्दन महलो म रहने का ?
झिलमिलाती सीढिया ऊपर जाने के लिए और एक आकर्षक
महल, फिर क्या चाहिए। देवराज इन्द्र सीधे प्रतीक्षा मे रत
उन्हे भी चन्दन महल की सीढियो के प्रति विशेष लगाव है,
तभी वह सदा राज सिंहासन पर विद्यमान रहते हैं विष्णु की
भांति विष्णुप्रिया के साथ शेषनाग पर विहार नही करते।
भय से मुक्त
अतीत से दूर
भविष्य से निश्चित
मात्र वतमान म जीते हैं
मत्यु और जीवन, बथ और डैथ इमका प्रश्न ही नही,
न कफन बनाने की चिन्ता, न लेने की न देने की
तभी तो एल० एस० डी० की स्वप्निल सासें वहा सरगम
की लय पर थिरकती रहती हैं।
शायद इस प्रकार की सरल प्रतिक्रिया ही जीवन है ?
व्यक्ति का Inner most क्या है ?
जन्म और मत्यु के बीच के भोगे कुछ पल
क्या Inner most हो सकते हैं ? दूसरे शब्दो मे कहे तो
व्यक्ति के जीवन के व्यक्तिगत तथ्य और सघष
ही इस शब्द को साथकता देते हैं ? क्योंकि
प्रश्नो और समस्याओ से रिक्त तो कोई भी
मानसिक अनुभूतियो का चन्दन महल नही है।

(2)

आज बस इतना,
कोई नया विचार ?
आकाश नीला नीला रक्ताभ आभा लिए दूर कौने पर
रक्त जैसा लाल दिखाई दे रहा है, आसमान इतना
नीला है या मेरा मन ? कृष्ण काय हो चुका है,
मैं कब से एकटक निहारे जा रही हू । वास्तव मे तो
मैं यह भी नही जानती कि मैं क्या निहार रही हू ?
क्षितिज का छोर लाल अगारे की भाति दहक रहा है या
मेरा मन !
एक को अनुभव कर रही हू और दूसरे को निहार रही हू
काश्मीर की वादियो म डूबता सूरज हो, जहा सोने के फूल
मल्हार गा रहे हो, पचमढी का इको पाइट हो, कोडोयो-
कनाल की बलखाती सडकें उन पर बिछे हुए मानवीय
सुर, महाबलेश्वर की मुद्रा पीक लानी सब
स्थानो पर अगारो की भाति प्रज्वलित हैं और इन
सब के मध्य का लाल एहसास जो निता त मेरा है, बस
मेरा धधकता हुआ रक्ताभ मन !
आज मैं अकेली हू,
शब्द और यादें
काश अगर आज आप आ जाए तो एक शब्द भी
उच्चारित न करन दू आपको, क्योकि मैंने आपकी बोलती
आखें पढी हैं, आपका बोलता स्पश अनुभव किया
है। शब्दो की आवश्यकता आज मुझे अपना
कफन तैयार करने के लिए है, जिसे मैं ओढ सकू
लेकिन मुझे कफन उढाएगा कौन ?
आज तो ,
खैर।
आपन एक पत्र म मुझे लिखा था—"My dear life
is not always a smooth sailing --
One has to take rough along with
Smooth

आज आप नही आपक शब्द हैं आपका यह वाक्य क्या -
मेरा उपहास उडा रहा है या मेर अ तमन की व्यथा को

मथ रहा है आप तो पतवार छाडकर स्थाई रूप मे चले
गये, जीवन की सच्चाई सुख और दुख दोनो हैं नियति
का निष्पक्ष न्याय मात्र दुख ही नही हो सकता फिर यह
कौन सा रहस्य मेरे भाग्य म आया वादो के घेरे मे
जाकर भी अगर चुनरी रगी जाए तो क्या वह सतरगी होगी ?
जीवन के कितन रग, कितन इज्म होते हैं, मूर्तिकार की
छेनी श्रमिक के हाथ, सगीतज्ञ के स्वर, वादक की लय, निधन
की आहे, श्रेष्ठी का ऊफ, बुद्धिमान की उमस, एव मूख की
वाचालता सभी तो अपने का रग या इज्म के मुखोटो से
ढके हुए हैं।
काल्पनिक द्वन्द्व का सहारा लेकर आकाश गगा के सभी
नक्षत्र आज मेरी मुट्ठी मे हैं चौंकन का भय नही क्योकि
यह यथाथ सत्य है। पागलपन नही और न ही काल्पनिक
विद्रूपता, मेरी हथेली जल रही है आकाश गगा के
भी तो अपन नक्षत्र हैं, उनकी उष्णता स हो सकता है
कि इनम फफोले पड जायें, लेकिन एक दिन न मेरी
हथेली होगी, न आकाश गगा के नक्षत्र, सब कुछ धूमिल
हो जायेगा बदरग होते-होते अस्तित्व ही शून्य मे
परिवर्तित हो जाएगा लेकिन परिवतन नही आएगा तो
आकाश मे, धरती मे
मैं यह नही पूछूगी
कि,
फिर मानस मे परिवतन क्यो ?
क्याकि,
उसे ही कफन की आवश्यकता पडती है।
उसके पास बुद्धि है क्या यह इतना बडा अभिशाप है
कि उसे उसके लिए चिरन्तन डोर गूथते रहना चाहिए
आपन मुझे कई बार सप्तर्षि दिखाए थे मुझे तो आज कल
वह भी दृष्टिगोचर नही होत, होगे भी कैसे जब आकाश गगा
मेरी हथेली को अग्निदाह का ममत्व दे रही है, ममत्व,
हा ममत्व ही पीडा का सही रूप है सही अथ है
परिवतनशीलता मानवीय गुण है तो शब्द कोषो के अर्थ भी
एक भ्रम भरी सान्त्वना के प्रतीक बन जाने चाहिए।
बस यही एक आवश्यकता निशेष है
घर मे आनन्द मगल के बीच कोलाहल था

वडी भाग्यशालिनी है पाच पीढ़ी के बाद घर म लक्ष्मी
पधारी है
मनचलो।
किसी ने आवाज दी
उस आवाज ने मुझे पहली बार वताया कि मेरा ज म एक
उच्च एव सास्कृतिक परिवार म हुआ है। गवनर की
पोती और आई० ए० एस० की बेटी।
प्यार के हिंडोले म वढ़ती गई।
रात दिन मेरे नौकर चाकर थे
रात मे कभी अधेरा नही देखा
दिन मे अधेरे का प्रश्न ही नही
समय के साथ साथ शायद मैं कभी नहीं वढ़ी, वढ़ी मेरी उम्र।
इन सव के उपरा त विचारो का अधड मेरे मन को
अवसर मथ जाता लेकिन शिशु मन क्या कभी अपना
अधड व्यक्त कर पाया, शायद उस समय भी मेरा
बालपन मुझ से हठ करता था कि मैं कम से कम
उसको तो वता दू कि मैं कौन हू। मैंने गुडिया
का व्याह कभी नही रचाया मैं परिवार के और
बच्चो के साथ कभी नही चहकी शायद मैं कभी
बच्चा रही ही नही?
कितना विचित्र सयोग था कि दादा जी की गगनचुम्बी हवेली के
ठीक सामने पेडो की झुरमुटो से घिरा श्मशान था, मैं अक्सर
अकेली छत पर वैठी निर्निमेष दृष्टि से आग की तीव्र लपटो मे
रगो का सम वय ढूढती थी। मेरा दामन निराशा ने कभी नही
थामा, मैंने कई बार चिता मे सतरग देखे। इ द्रधनुप मे
सत रग होते हैं लोग उसे देखने के उपरा त आह्लाद एव
सुखद आश्चय का अनुभव करते हैं लेकिन उन सतरगी रगो से
मुझे कभी सुख की अनुभूति नही हुई हा उन सतरगो की
डोरी के ऊपर वैठकर मैंने न जाने कितने मनुष्यो को वैकुण्ठ की
ओर जाते देखा है।
मनुष्य मरता क्यो है?
फिर उसे कफन में क्यों लपेटते हैं?
फिर उसे जला क्या देते हैं।
यह इ द्रधनुप अपन रगो पर विठाल कर क्या वास्तव में
उसे वैकुठ धाम ले जाता है? ये अपना अस्तित्व इतना

आकपक कैसे रख पाते हैं ?
रग क्या कभी जड होता है ?
रग ता जीवन है
रग तो बहार है
फिर यह कफन क्यो ?
मेरा नन्हा बालमन ऐसे न जाने कितन निर्दोष प्रश्नो
में भटकता रहता। आज सोचती हू कि मेरे पास
स्थिरता कहा से आती, ढेर सारी जिज्ञासाए जो थी।
आज मात्र पीडा है।
पीडा नही मेरे शब्द जिसके द्वारा मुझे मेरा कफन
तैयार करना है। जिन्दगी की तेज सुपर फास्ट दौडती
ट्रेन में और कोई कर भी क्या सकता है पीछे
जरा भी देखा तो अतीत की बडी बडी विशालकाय पहाडिया हैं, चाहे
सुखद हा या दुखद, जरा भी पांव
फिसला तो फिर चार कन्धो पर चढ़ा कर लोग
यही ले आयेंगे चिता जल उठेगी और क्या मैं जब भी रग देखती
रहूगी ?
इन्द्रधनुष के रगो की गिनती कर सकूगी।
नही, कभी नही,
यथाथ जीवन तो मौन है
बाकी मात्र भ्रम।
इस भ्रम से जब पहली बार मन को शान्त देखा
सामन कफन में लिपटी दादा जी की लाश थी—
मन ने शीघ्र पूछा,
मैं भी एक दिन इसी प्रकार कफन में लिपट जाऊगी ?
हा एक दिन अवश्य !
यह बालपन और किशोरावस्था के स्वप्न थे, या भ्रम थे
आज,
हा आज !
आज लगता है निर्मोही शब्द भी तो मुझ से बीस वष दूर
रहे और किसी को यह आवश्यकता नही थी कि मुझे यह
शब्द सिखाए।
मैं लडकी थी।
कफन का और मेरा क्या सम्बन्ध !
नारी,

किसी की दासी, किसी की अर्धाङ्गिनी, किसी की मा
बनना मेरे भाग्य की रिजल्टशीट थी जो सम्भवत परिवार
वालो ने ज म के समय ही तैयार कर ली थी। मुझे तो कफन
भी दूसरे देंगे, कोई नवीन सत्य नही
एक चिरन्तन सत्य
एक यथार्थ सत्य
इस रिजल्टशीट के लिए न पडित की आवश्यकता
न कुडली की।
नारी अपनी कुडली अपने साथ लेकर ज मती है उसकी
भाग्य रेखा धरती पर पडते ही पढ ली जाती है।

रहस्यवादो की शिथिल चट्टानो पर घुमडता मेरा मन, मेरी पथ-
प्रदर्शिका गोरी मेम मैं दानो की बुद्धि का भार उठाए
चली जा रही थी कि जीवन में एक बडा झाका आया मैं
सात म जाग उठी। गगनचुम्बी अट्टालिका से निकाल कर स्कूल
नाम के अजायबघर में भर्ती करा दी गई। हा मेरे लिए
मात्र वह अजायबघर था जिसमें छोटी बडी कितनी सारी
आवाजें थी आकृतिया थी। मैं प्रयत्न करने के उपरा त भी
न किसी से अपनी आवाज मिला पाई न किसी आकृति की हम-
जोली बन सकी और एक दिन पता लगा कि मैंने मैट्रिक पास
कर लिया है और अब मैं ईसा बेला ट्रीर्ट कालज लखनऊ
में भेजी जा रही हू।
घर छोडने का विचार मेरे सम्पूर्ण अस्तित्व को
कपा गया। नकारने का साहस मेरे पास नही था और न ही
घर वाला क विचार और मेरी जि दगी के बीच
कोई समझौता हुआ। उस दिन की मेरी सिसकिया शायद किसी
के कानो को स्पर्श करने का साहस नही जुटा पाई
मैंने, अकली ने, कितनी बार वेदना की लोरी गा गाकर
स्वय को निद्रा देवी की गोद में डाला और शायद इसीलिए
शब्दो से अथाह प्यार हाने के उपरा त भी मैं शब्दो
से आज तक प्यार नही कर पाई।
लगता था सभी मुझ से बहुत दूर हैं,

पिता को दूर से देखती,
विचार करती,
बस जाकर लिपट जाऊ यही एकमात्र वह इन्सान है जो
मेरे सब प्रश्नो के उत्तर दे सकता है।
कभी लगता है
मेरे लिए इतने बडे घर मे बस इन्ही की आखो मे
अथाह प्यार है।
यह आखें सदा मुझे आश्वस्त करती
जीवन की सीढियो पर चढते चढते कब किशोरावस्था को छोडकर
यौवन की देहली पर आकर खडी हो गई मुझे तो पता ही नही लगा।
आज जब खुली तो सारे घर मे कुहराम मच रहा था मैं
सकपका गई अधखुली आखो से सुनने की चेष्टा की क्योकि
कान साथ नहीं दे रहे थे, धक से रह गई इस कुहराम की
नायिका मैं थी, खलनायिका थी मेरी दादी।
देखा तो नही था सुना था कि मेरे दादा जी की यह धर्मपत्नी
अपने मायके से अपने वजन का सोना दहेज मे लाई थी
बडे फारवड परिवार की थी उनकी भाभियो को पढाने गोरी
मेम आती थी उनका ही आज विरोध था कि अब मुझे
वापिस पढने के लिए न भेजा जाए। मा ने भी अपनी सास
का ही पक्ष लिया। वास्तव मे सारा घर दादी की हा मे हा
मिला रहा था।
मैं बिलख उठी।
पहली बार दादी के प्रति नफरत पैदा हुई।
उस दिन प्रथम बार मुझे यह अनुभूति हुई कि मैं अकेली
हू मेरा कोई नही। मैं बस मर जाना चाहती थी। काश
मैं मर गई होती।
काश, किसी जलती चिता में जाकर कूद पडती,
ऐसा कुछ नही कर पाई मैं पर याद है कि उस दिन
पहली बार मेरे सोलह वर्षीय सुकुमार
मन मे विद्रोह की ज्वाला भभक उठी थी
बालपन का मन कच्ची
मिट्टी का होता है उसी कच्चे घडे को लेकर मैं घर से निकल
पडी। दरवाजे, नही अपने पिता की आलीशान कोठी के
फाटक से आप आ रहे थे।
कहा जा रही हो ?"

मैं एकटक देखती रह गई
' बोलती नही, कहा जा रही हो चलो मैं छाड दू"
काई उत्तर नही सूझा, जी चाहा आपसे लिपट कर फूट
फूट कर रो लू।
आपका स्नहिल हाथ मेरे क धे पर था, वह स्पश मैं आज भी नही
भूली। पहली बार मुझ मे प्यार का एहसास जगा था आप मुझे
बहुत अच्छे लगे थे, उस क्षण उस बच्ची उम्र की पूर्ण सार्थकता
मैंने अनुभव की थी।
सौ सदस्यो के परिवार मे पहली बार मैंने अपने पापा को अपने
पास पाया था।
"चलो अन्दर" वह मेरी उगली पकड कर छोटे बच्चे की भाति
अन्दर ले आये थे।
मैंने सुना था आप दादी से कह रहे थे "इस का भार मुझ
पर छोड दो।"
उस समय की हमारे परिवार की पारिवारिक परम्परा म पापा का अपनी
मा से इतना बोलना अक्षम्य अपराध था। मैंने प्रथम बार
आपको बोलते देखा था, मेरी प्रसन्नता का पारावार नही था
मुझे आप पर गर्व हो गया पहली बार जाना कि
पुत्री का पिता होता है।
फिर दो विचारो के बीच झूलती मेरी जिन्दगी, मैं बहुत डर
गई थी क्या मैं अपने स्वप्नो को साकार कर सकूगी? एक
प्रतिष्ठित डॉक्टर बन सकूगी? बालमन बार बार सहम जाता
अपने ही घर म अनजानी सी भटकती रही बिना खाना
खाए ही सो गई।
वह प्रथम प्रभात।
वह बालपन का तेज नशा,
वह जीवन जीने की ललक,
और आपकी बाहो मे समा जाने का जोश
' उठोगी नही, आज तुम्हे कालेज म एडमीशन लेना है।'
मेरा एडमीशन हो गया।
कितना सुखद एहसास था कि पहली बार मैं अपने
पिता के नाम स पहचानी गई थी आज तक तो मेरे
नाम के आगे गवनर साहब की नवासी ही लगा रहता था
आज मैं मात्र आपकी बेटी थी।
यह सब सत्य है?

मेरा मन इस सत्य को स्वीकार नही कर पा रहा [illegible]
का प्रश्न नही था। दादा जी की हवेली मे घण्टे [illegible]
घड़ियाल बजते थे जब पुजारी जी पूजा करते लेकिन
मुझे प्रतीत हुआ पूजा तो आज हुई है। कितनी प्रसन्न
थी मैं वह स्वय को भी नही बता सकती फिर उस
आनन्द को शब्दो मे कैसे व्यक्त कर पाऊगी ?
शायद शब्दो का अभाव सदा मेरे जीवन मे रहा।
ग्यारह बज गये, अब कल लिखूगी।

(3)

जीवन का एक नया अध्याय,
सुखद मोड।
मैं स्वय को भूल गई, बस आप ही आप।
परिन्दो की भाँति मैंने आकाश म उडना सीख लिया
था धरती का स्पश ही भूल गई मेरे लिए रात
चादी की और दिन सोने के हो गये।
आपका Transfer हो गया।
मैं होस्टल म चली गई आपको छोडन का
अथाह दु ख था। रोई तो नही लेकिन आज भी याद
है 15 दिन से खाना छोड दिया था। आप रात-
दिन मुझे समझाया करत थे एक नन्हे शिशु की
भाँति
होस्टल मे मेरा जी नही लग रहा था।
आपने मुझे पहला पत्र लिखा

"Things do not always happen in the
way we would like them to happen Many
times they happen an unexpected way and we find
ourselves in difficulty unless we get with courage
and patience The difficulties will defeat us"

और मैं एकदम समझदार हो गई।
जीवन म मुझे जो कुछ मिला है वह तो अदभुत है, कौन-

सी ऐसी बेटी होगी जिसे ऐसा भाग्य मिले। मुझे तो वह मिला है जिसकी मैंन कल्पना भी नही की थी। मैं नरक स निकल कर स्वग म आ गई थी।

दादी से बचकर जब पापा के पास पहुच गई ता यह समय भी कट जाएगा।

मुझे किस बात का दुख।

मुझे याद आया कि होस्टल क दरवाजे पर आपन मुझ से कहा था, ' मनचली जीवन म विद्या से अधिक कुछ नही तुम पढना चाहती थी, खूब पढो इतनी ऊची बनो कि मैं यह कहने म गव अनुभव करू कि यह मेरी Creation है।"

मुझे आज भी वह क्षण भली प्रकार से याद है कि आपको छोडने की पीडा म भी मुस्करा दी थी। मैंने झुककर आपके पैर छू लिए थे।

आपने प्यार से मेरा माथा चूम लिया था और तेजी से पलट कर कार मे जाकर बठ गये थे। मैं उस कार का वही खडी खडी पीछा करती रही थी जब तक वह आखो से ओझल नही हो गई

दिन, महीने बप जाते देर नही लगती

मैं एम० ए० पास हो गई।

यूनिवर्सिटी टाप की थी मैंन, पहली बार आपकी पलको मे प्रसन्नता के आँसू देखे थे।

मैं पीडा मे नही गव से लाल अगारो की भाति दहक उठी थी आप मुस्करा दिये थे।

परम पूजनीय ब्राह्मण परिवार की मैं पहली लडकी थी जिसने बी० ए०, एम० ए० किया था।

"इतिहास" एक शब्द है,

लेकिन मेरे लिए सम्पूर्ण इतिहास !

' क्या पढ रहे हैं आप ?'

"मोस"

"क्या है इसमे ? ' कहते हुए मैंने हाथ से किताब ले ली।

बहुत अच्छी किताब है मनचली इतिहास कसे लिखे जात हैं सभ्यता और सस्कृतियो का उत्थान और पतन कैसे होता है ? इसम बडे रोचक ढग स बताया है क्रिश्चयनिटी का पूरा ब्यौरा है यह किताब।'

आप बुक वाम थे कितना पढते थे और मैं अभी तक अपने
को छोटा-सा बच्चा समय कर आपके आगे पीछे घूमती रहती
थी। आप पढते और मुझे सुनाते जैसे दादी नानी कहानिया
सुनाया करती हैं पुस्तको का व्यसन था आपका और इस
व्यसन मे न जान कब मैं भी शरीक हा गई थी घण्टो
आपसे चर्चा करती। कभी कभी ता गेटे, मिल्टन, कालीदास, शरद
रवीन्द्र, वर्नाड-शा स्पेन्गलर और यहाँ तक कि मारीओ पूजो
पर वाद विवाद करते-करते सारी रात व्यतीत हो जाती न
मैं थकती न आप इस बीच आपन एक नया नाम मुझे
दे दिया था मनचली। मैं मु नी से मनचली हो गई
मैं प्रसन्न थी मेरे आकाश का चन्दन महल कितना अच्छा है
कितना भव्य।
मैं अब हास्टल नही जाऊगी।
क्यो ?
मेरा मन नही लगता।
आप वहा मन लगान के लिए जाती हैं या पढन के लिए।
मुझे नही पढना।
पढोगी नही ? आप चौक गये।
हा, अब मै आपसे दूर नही जाऊगी।
तुम जानती हो न मेरा ट्रासफर होन वाला है
अगर तुमने एडमीशन यहा ले भी लिया तो मैं
चला जाऊगा फिर तुम्हे होस्टल मे ही रहना पडेगा।
नहा मुझे होस्टल मे अब नहीं रहना।
फिर पढाई।
नही पढूगी।
पढना तो हम दोना का स्वप्न है, क्या तुम मेरा स्वप्न पूरा
करना नही चाहती ?
मेरी आखें भर आई और मैं एक नन्ही-सी बच्ची की भाति
आपकी गोद मे मुह छिपाकर रो उठी थी।
वर्षों म शायद यह मेरी पहली हठ थी, कहीं अन्दर से
आप भी बहुत भीग चुके थे, बहुत छोटी थी शायद इसीलिए
हठ कर बैठी
पर आज सोचती हू
कि आपके लिए मेरी पढाई मेरा भविष्य ही सब कुछ था
उसे आप किसी भी कीमत पर Disturb करना नही चाहते थे।

आपने मुझे शरद का एक उपन्यास तीन भाषाओ मे लाकर
दिया था सब व्यवस्ता का आले मे रख कर हम दोनो ने
उसकी नायिका कमल पर जम कर वाद विवाद किया था।
आपको कमल अच्छी लगती थी कम के क्षेत्र को उसने
अपनी नियति माना था वह अपने समय से बहुत
आगे थी। तभी ता वह इजीनियस से कि इतना स्पष्ट कह सकी
थी तुम क्या भगाकर ले जाओगे, जब किसी की गाडी नहीं
चुरा सकते ? मन्द मन्द मुस्करा देते थे आप तब, कितन
तक देते थे।
कमल अपन ही एक छोटे से कमरे म एक पराए पुरुष
का बिस्तर बिछाकर कह दती है सो जाओ मैं नीचे
सो जाऊगी।
मैं भी जितना कमल के सम्बन्ध म सुनती उतना
ही आदर और सम्मान उससे
करने लगी थी
आपके द्वारा उसका विश्लेषण सुनकर असीम प्रसन्नता होती
थी वैसे आप तो मेरे लिए Encyclopidia थे
मैं भी अक्सर आपको अपने मन द्वारा निर्मित चरित्रो मे
ढूढती रहती।
एम० ए० की मैरिट लिस्ट मे मेरा नाम था रिकाड तोड दिया
था मैंने पिछले पन्द्रह वष का।
आप बहुत बहुत खुश थे।
पहली बार नही, बार बार अब मैं यह अनुभव करने लगी
थी कि अगर आपको कोई प्रसन्नता प्रदान कर सकता है तो वह
मैं, मैं अक्सर यही समझती थी कि न आप प्रसन्न होते हैं
न दुखी।
लेकिन यह सत्य नही था।
तुम जानती हा मनचली मैं चाहता हू कि तुम बहुत-बहुत
ऊची बनो तुम्हे देखकर मैं गव स कह सकू कि तुम मेरी अपनी
Creation हो। *कितना गहरा था आपका यह वाक्य !*
मैं अपलक आपका मुह दख रही थी सोच रही थी जी हा मैं
आपकी ही Creation हू।
आपन खडे होकर धीरे से मरा माथा चूम लिया। मैं भाव विह्वल
होकर आपस लिपट गई आप न जाने कितनी देर तक मेरी पीठ
थपथपाते रहे।

आप कमठ पुरुष थे।
उस दिन हम बहुत देर तक रवी द्र और शरत् की बातें करते रहे। आपने मेरी सफलता के उपलक्ष्य मे मुझे रवीन्द्र और शरद साहित्य उपहार स्वरूप दिया था।
मेरे पैर तो जमीन पर पडते ही नही थे।
वास्तव मे उन्मुक्त पक्षी की भाति मैं तो गगन म मुक्त विचरण करती थी विश्वास था कि न कभी कोई जाल बिछाएगा न कभी कोई बहेलिया आएगा मैं कितनी भी दूर उड जाऊ आपकी दो सशक्त आखें सदा मेरा पीछा करती रहेगी। यह एहसास कितना सुखद है वही जान सकता है जिसने अनुभव किया हो
इस बार मैं होस्टल नही जाऊगी।
'क्यो फिर वही जिद" आपने मेरी ओर देखते हुए कहा
'तुम तो बहुत पढना चाहती थी बस एक सीढी चढकर ही डगमगा गई।"
"नही अब मैं आपके पास रहकर पढूगी"
"पढ सकोगी, मैरिट लिस्ट मे आ सकोगी ?"
'क्या ?" मैंने प्रश्न पूछा।
"सदा मुख पर खेलने वाला वही चिर-परिचित स्मित आपके मुख पर फैल गया।
न फिर मैंने कोई प्रश्न किया न आपने कुछ पूछा'
मैंने एम० ए० (अर्थशास्त्र) और एल० एल० बी० (फायनल) मे एडमीशन ले लिया।
आप महीने मे बीस दिन दौरे पर रहते राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात तीन प्रान्तो का कार्यभार था आपके पास।
लेकिन जैसे ही दौरे से लौटते मेरी ढेर सारी बातें प्रारम्भ हो जाती न आप सुनते थकते और न मैं सुनाते।
न मैंने कभी आपको थके हुए देखा न कभी गुमसुम।
अब मैं वास्तव मे बडी हो गई थी सब कुछ समझने लगी थी आपसे आशातीत प्यार था अधिकार था लेकिन इसके साथ-साथ अब उसमे श्रद्धा समाहित हो गई थी। मन के किसी कोने मे, मैं आपकी पूजा करने लगी थी।
दत्तचित्त!
वैसे तो पूरे परिवार पर मे मैं छाई हुई थी घर का हर बडा सदस्य मन ही मन मेरी जैसी बेटी की

कामना करता था।
सारे परिवार पर मेरे व्यक्तित्व की गहरी छाप
स्थापित हो चुकी थी। अब पुरानी मनचली नहीं
थी। उनकी राय के बिना घर का पत्ता नहीं
हिलता था। छोटे ही नहीं परिवार के बडे सदस्यो
को भी पापा तक पहुचने के लिए मेरे पास
आना पडता था।
"मनचली, शोभा की शादी है और बीस हजार रुपये की
आवश्यकता है अगर दादा इस समय मदद कर दें तो "
पापा को सारा परिवार यहा तक कि दादा और दादी जी भी
दादा ही कहते थे। हमारे परिवार की पारिवारिक सस्कृति म
बडे बेटे का नाम लेकर पुकारना निषेध है।
"आप चिन्ता क्यो करती हैं, मैं पापा स बात करूगी मैंने
अपनी ताई जी से कहा।
ताई जी की एक ही लडकी थी। परमात्मा न सौन्दय और
बुद्धि दानो से ही उस वचित रखा था।
पापा हमे ये पैसे देन ही चाहिए।
दे सकोगी ?
मम्मी का कोई जेवर दे दीजिए।
सुना था मेरी मा भी दादी के समान ही अपन वजनका सोना तोल कर दहेज
लाई थी।
मेरी दादी और मेरी मा,
दोनो ही एक लीक एक परिपाटी पर चलने वाली थी।
मा तो वेचारी ऊपर चली गई लेकिन दादी का अहम
मैंन वर्षों झेला था।
"क्यो ठीक है" मैंने पापा की ओर देखते हुए पूछा
"शादी तो होनी ही चाहिए शोभा की।"
पापा मुस्करा दिए थे।
क्या था इस मुस्कराहट मे,
अपार वात्सल्य ममत्व, अपनत्व, प्रेम कितनी ढेर
सारी भावनाए एक साथ एकत्रित थी उन्ह आज
याद करू तो भी क्या एक साथ शृखलाबद्ध
जोड पाऊगी, कभी नही वह तो पूणमासी की
चादनी क समान मुझे आलिंगन म बाधती रहती

हैं।
बस फिर,

(4)

आज प्रात से ही आप नाराज तो नही पर हा उद्विग्न
अवश्य थे।
तुमने यह फाम क्यो भरा ?
मैं सर्विस करना चाहती हू।
क्यो, होस्टल मे तो रह नही सकी अकेली रह पाऊगी ?
अपने पैरो पर खडे होना चाहती हू शायद यह आकषण
इतना बडा है कि आप से दूर रह पाऊ।
अभी तक तुम्हारा कोई ऐमा आकषण है जिसकी पूर्ति न की
गई हो ? कहते हुए आप बाहर चले गए।
इसके उपरात इस सदभ मे कभी कोई चर्चा घर मे नही
हुई। यू० पी० एस० सी० की ढेरो पुस्तकें लाकर आपन ही मुझे दी। सत्य
है यह कि पहले प्रयास मे ही मैं राजपत्रित अधिकारी
घोपित कर दी गई।
यह परिश्रम मेरा नहीं था।
कितना विचित्र है आपका चरित्र,
जो आपको पसद नही
नियुक्ति पत्र मेरे हाथ मे था,
मैं आपके सम्मुख खडी थी।
न जाने कितना समय निकल गया। आप अचानक सिगरेट
फेंक कर उठ खडे हुए मेरे कधे पर हाथ रख कर बाले
"मैं चाहता था कि अब तुम घर बसा लो।"
मैं शायद पहली बार और अन्तिम बार उस दिन फूट फूट
कर रोई थी।
"मुझ से कुछ भी कहो पापा लेकिन कभी ऐसा मत
कहना मेरा जीवन आपका है मैं आपको छोड कर
कही जाने की कल्पना भी नही कर सकती।"
पता नही उस रात आप कितनी देर तक मुझे समझाते
रहे, मैं अपनी गाथा गाती रही, नारी समाज

की मुक्ति में सफल पुरुष की सफलता, जीवन की
आवश्यकताएं शारीरिक जरूरतें, हमारा समाज
सभी विषयों पर हमने तर्क किए थे। मेरे मन में एक विद्रोह
था उसकी ऊंची-ऊंची आवाजें थी समाज को परिवर्तन करने
की एक झूठी आकांक्षा थी। नारी की मुक्ति का मोह दंड
सम्भवतया मैंने अपने हाथ में ले रखा था।
उस रात हम बहुत अच्छे मित्र बन गए। श्रीकांत और शरद
इतने वाद विवाद के उपरान्त,
मेरी सर्विस जो पसन्द नहीं थी गौण बन गई।
कितना adjustment
कितनी understanding
मेरी नियुक्ति जबलपुर में हुई।
मेरा पूरा डिब्बा लाल गुलाब के फूलों से सजा था। मुझे
पता लगा था कि उस दिन दो ट्रक फूल आया था।
ऐसा प्रतीत होता था मानो कोई नवेली पिता के घर से
ससुराल के लिए विदा हो रही है, नववधु के चारों ओर
सुगन्ध ही सुगन्ध थी।
सत्य भी था। मैंने ही तो आपसे कहा था कि मेरा विवाह
मेरी सर्विस से कर दीजिए।
मेरा दूल्हा नियुक्ति पत्र मेरे साथ था।
विदाई तो विदाई ही है।
मेरा हठ था।
आपकी सदा की भांति स्वीकृति,
आप मुझे रोज एक पत्र लिखेंगे,
आपका पहला पत्र Living without you in this house
is really a punishment The place is looking
vacant and lifeless due to your absence
I feel your absence every second
This is a fact which I have
been experiencing since your
departure You have taken away every thing
from here The taste of the morning tea quality
of good taste Cleanliness of house, clothes etc all
have gone away with you How can I
than remain happy and peacefully here

बचपन की उपेक्षित लडकी,
जो श्मशान की जलती चिताओ मे इन्द्र धनुष क रग
खोजती थी।
जो अपने कफन के लिए न हे नन्हे शब्द एकत्रित करती
थी।
और आज,
जीवन के यह रग कितने शोख थे।
मैं इन्हे निहारती, पढती और पढाती ही रह जाती थी।
कालेज मे भी किसी पिता के ऐसे पत्र किसी पुत्री के
पास आए हो सम्भव नही।
और जो पत्र मेरी रूम मैटस के पास आते थे उन्हे बिना पढे
ही मैं फेंक देती थी।
मेरे पत्र,
ये उस देवता के है जिनकी कृतज्ञता का प्रतिदान मैं किसी भी तरह नही दे
सकती जिसे, मेरा हृदय प्रतिपल प्रणाम करता है।
मैं चली आई थी।
पढना एक नशा था।
सर्विस, लगा एक पीडा है, क्लेश है।
इस क्लेश के साथ आपसे दूर होने की पीडा अधिक
सालने लगी। मैं सशक्त हू अपने पैरो पर खडी हू एक
क्षण के लिए जब इस अनुभूति मे डुबकी लग जाती तो
अच्छा लगता पर एक क्षण से अधिक नही
उस क्षण भी आपको भुला तो नही पाती पर आपसे दूर
हो जाती उस समय की मेरी अवस्था अह्लाद की नही
विषाद की भी नहीं लेकिन कुछ ऐसा अवश्य था जब
मन की ग्रन्थियो न खुलन का उपक्रम करती न बन्द होने
की चेष्टा। ऐसे शून्य के मध्य मैं अपने को स्थिर
रखन की चेष्टा अवश्य करती।
मेरे मित्र तो एकमात्र आप ही थे। कालेज मे मेरा कोई मित्र
नही था क्योकि आपने कहा था कि तुम मन्दिर मे आओगी।
तभी मैं समझ गया कि तुम्हे मान्यता से हटाकर मैंने भूल
नही की। मैं कभी नही चाहती थी कि आपके इस विश्वास
को तनिक सी भी ठेस लगे इसलिए पढना, बस रात दिन
पढते रहना मेरे जीवन का ध्येय था।
बाकी सब बोरडम।

आपके पास पहुचन की गति
आज जब सर्विस ज्वाइन कर ली है ता यह एहसास कि
आप अकेले हैं और मैं इतनी दूर। पीडा दे जाती है।
पिता-पुत्री का रिश्ता कब पीछे छूट गया और आप मेरे
स्नेहिल आत्मीय मित्र बन गये कब, यह तो मुझे भी
पता नही चला।
आपका पत्र बिना नागा मुझ मिलता था प्रात से मेरी दृष्टि
पोस्टमैन को खोजती रहती चाहकर भी आपके पत्र मिलन से
पूव मैं अपनी दिनचर्या प्रारम्भ नही कर पाती थी आपका
पत्र आता दो चार बार पढ़ती और उसके उपरान्त मेरे
मन का भास्कर प्रसन्न होता।
जबलपुर के जिलाधीश बड़े अच्छे थे।
मैं शीघ्र ही उनके परिवार मे घुल मिल गई अक्सर
वह मेरा मजाक उडाते थे कि अरे इनको इनके पिता
जी जितनी religiously पत्र लिखते हैं, कोई प्रेमी
भी अपनी प्रेमिका को नही लिखेगा।
उनके परिवार मे उन्मुक्त हसी का ठहाका गूज जाता।
मैं और और गहरे आपके विचारो मे डूबती जाती।
आपको हर पल याद करना मेरे लिए आवश्यक नशा
था।
किसी के विचारों मे अपने को भूल जाना भी
अपने आप मे परम आनन्द का अनुभव देता है One who loves
must be superior

प्यार की पीडा अधिक दिन झेलना असम्भव हो गया और मैं
प्रत्येक महीने हजारो किलो मीटर का सफर तय करके आप के पास पहुचने
लगी।
आपने न तो मना किया
और न ही यह पूछा, तू क्यो बार बार आती है?
शून्य की स्थिति एक दार्शनिक की है
मैं तो नही,
लेकिन आप अवश्य हैं।
आप तो महान ज्ञाता हो आपके पास मेरे लिए
मात्र वात्सल्य ही नही था मैं पहले भी कह चुकी हू कि
बहुत कुछ था।

तभी तो मेरे बिना चाय भी नही अच्छी लगती जिसकी
पचास कप प्रतिदिन की आपकी आवश्यकता थी।
प्यार आपकी नियति है, प्यार आपका स्वभाव है, प्यार
आपका जीवन है।
वर्षा ऋतु अपने यौवन के वेग पर है। दूर-दूर तक अनन्त
की दृष्टि सम्पूर्ण रूप से हरी है, पानी श्वेत झरने
सृष्टि की पवित्रता का आह्वान कर रहे हैं। मेरा मन श्वेत
बगुलो की भाति आपसे मिलन को आतुर। कल्पनाओ के
पखो पर बैठ कर विचरण कर सकती हू पर सशरीर उडकर
आपके पास नही पहुच सकती। अभी थोडी देर पूर्व
दूरभाष पर आपसे बातें हुई हैं फिर दौडने भागने की चाह
क्या लेकिन मन तो मन ही है, छत पर आपके पास
लेटकर नक्षत्रो की जन्मपत्री सुनना चाहती थी वह
आपका प्रिय शौक, वृहस्पति, राहु, केतु, एक-एक
नक्षत्र दिखाकर आप इस सम्बन्ध मे घण्टो मुझसे
चर्चा करते थे और मैं आज्ञाकारी श्रोता की भाति
सुना करती थी। लेकिन इस बात का विशेष ध्यान रखती
थी कि आपका ध्यान मेरे ऊपर ही केन्द्रित रहे।
शायद नक्षत्रो से मुझे ईर्ष्या होने लगी थी।
आज आकाश अगारे की भाति दहक रहा है आप कहते थे न
कि जब कोई बडा व्यक्ति ससार से जाता है तो आकाश लाल
अगारो जसा रक्तिम हो जाता है।
अपने आफिस की बडी टेबिल पर अकेली बैठी हू सोचते
सोचते किसी स्वप्न मे खो जाती हू,
मेरी जिद,
वही तो एक शस्त्र था मेरे पास।
"पापा उठो न"
"बस थोडी सी फाइलें हैं'
"नही बस उठ जाइये"
"प्लीज माई डियर"
"आप नही उठेंगे ?"
"उठता हू भाई"
"उठते उठते आपने कितनी देर लगा दी" मि० एण्ड मिसेज
सोजानितिक्सा रशिया से आये हैं उन्हे लेकर मुझे चीफ
मिनिस्टर के पास जाना है।"

पापा का स्वर मेरे स्वरो म दबा गया । वह पुन बोले,
"मैं तुम्हें गाडी ले देता हू तुम घर जाओ
मेरा appointment है हितेन्द्र भाई क साथ"
' कल मिल लीजिएगा । आपके सी० एम० चले थोडे जायेंगे ।"
"कैसी जिद करती हो तुम जैसी जिम्मेदार आफिसर
के मुह " एक क्षण रुक कर बोले, "जानती
हो क्या कह रही हो ?"
हठ ही था ।
बचपना आज नही कहूगी ।
उस दिन भी नही ।
सच ही कहा था पापा न, मैं भी क्लास वन
आफिसर थी ।
उस दिन
मैं गुस्से मे भरी बाहर निकल गई ।
घर आकर ओ० के० पर बरस पडी । छह-सात काच के
गिलास तोड दिये । झटपट नीचे उतरी गाडी निकाली बचारा ओ० के०
उसकी बात सुनने का अवकाश किसे था यौवन का गरूर,
ढेर सारी सुखद परिस्थितिया और आपका अनकथ प्यार । मैं तो
दीन दुनिया से अलग ।
मैंने गरेज स गाडी निकाली और रवाना हो गई ।
कहां जबलपुर कहा अहमदाबाद ।
तीस बत्तीस किलोमीटर ही पहुची हूगी कि आपकी गाडी ने
मेरा रास्ता रोक दिया ।
शायद मेरे निकलते ही ओ० के० ने घबरा कर आपको फोन
कर दिया होगा ।
क्या पागलपन है यह ?
मैं जबलपुर जा रही हू
ठीक है जाओ वापिस चलो ।
आपको तो बहुत काम है जब आपका काम खत्म हो जाए
टेलीफोन कर दीजियेगा ।
आप मुस्करा दिये थे, 'चलो घर"
मैं बिना कुछ कहे वापिस आ गई । मैं जो गाडी चला
रही थी वह ड्राइवर ले आया ।
घर आकर बहुत दुख हुआ । मुझे ऐसा नही करना
चाहिए । यह बचपना नही, पागलपन है ।

मेरे साथ ऐसा होता तो ?
पापा एक बहुत जिम्मेदार आफिसर हैं।
पापा मुस्कराते हुए मेरे पास आये, ' अब तो क्षमा कर दो
मेरी मां '
मैं हंस अवश्य दी लेकिन मन ही मन निर्णय
लिया कि भविष्य में कभी कोई ऐसी हरकत नहीं
करूंगी।
मैं बिस्तर बिछाने ऊपर चली गई
जब वापस आई तो पापा पढ रहे थे।
"क्या पढ़ रहे हैं ?"
"TOPAZ"
"अच्छी किताब है"
'हां '
'मेरे से भी अच्छी"
' नहीं तुमसे अच्छी कोई चीज नहीं दुनिया में" आपकी दोनो
हथेलियों के बीच मेरा मुंह था।

(5)

ट्रन-ट्रन टेलीफोन की घण्टी बज रही थी।
हलो !
तुम यहां आ जाओ
क्या बात है पापा
यहां आओगी तो तुम्हें बहुत अच्छी न्यूज दूंगा।
क्या क्या फिर आपने मेरे लिए कोई लडका देखा है ?
नहीं अपने लिये
शायद पापा मुस्कराये होंगे लेकिन मैं खिलखिलाकर हंस
पडी
अच्छा
जल्दी आना
मैं आज ही Casual leave की application दे देती हूं।

फोन बीच मे ही डिस्कनैक्ट हो गया
आज की डाक अभी आई नही थी मैं प्रतीक्षा मे अन्दर
बाहर घूम रही थी।
कल का पत्र "I feel That my peace of mind
has remained behind you I do
not like to be disappointed in
the matter concerning you There
is nothing particular to talk about
but I am desirous of hearing your
voice It is an urnest and innoc-nt
desire and it deserves to be
fullfield"

इगलिश के शब्द हो या हिन्दी के लेकिन जब ये शब्द
मिलकर वाक्य रचना करते हैं, उससे जो अर्थ बनते हैं
वह कैसे गहरे और अन्तमन को छू लेने वाले होते हैं
इसका परिचय सभी को नही हो सकता।
आपकी आवाज और वाक्य रचना सुनने को मैं कम
आतुर नही। महर्षि वैश्वपायन की भाति आप लिखे नही
बोले जाए और मैं सुनती रहू। आपकी आवाज मुझे
पवित्र मन्दिरो की घण्टियो के समान लगती जो जीवन म
प्रेम और शाति ही देती है।
आपकी आवाज मेरी पूजा थी। सुन्दर काण्ड का पाठ था
सप्ताह म आपके दो फोन अवश्य आते थे और मेरे
फोना की तो कोई गिनती ही नही थी। कभी कभी लगता
था कि ट्रककाल का बिल भरने के लिए ही मैं सर्विस
करती हू।
फिर भटक गई मैं।
इस पत्र मे तो ऐसा कुछ नही लिखा था।
मेरा अवकाश उसी दिन स्वीकृत हा गया और दूसरे
दिन प्रात ही आकर जब काल बेल बजाई ता
Freedom at the midnight हाथ मे लिए आप
सामने खडे थे।
"बस किताब"
मैंने किताब सोफे पर रख दी और आपसे लिपट
गई।

"आप इतनी जल्दी प्रगट हो जाएगी ऐसा तो
मैंन सोचा नही था।"
आपके मुख पर मुस्कराहट थी और मेरे मुख पर
जिज्ञासाए।
आओ एक कप चाय पियें पहल
मैंन पापा क पैर छूत हुए पूछा कि पहले यह
बताइय आपन बुलाया क्या ?
"अरे हा, अभी आया" कह कर आप अन्दर चले गय।
और मैं वहां सोफ पर पैर फैला कर बैठ गई।
"देखो" अखबार हाथ म लिए वह अन्दर से आय। "यह
दस तारीख का अखबार है। मीना कुमारी कमाल अमरोही
से तलाक लेन की सोच रही है। मैंन सोचा मैं अपना नम्बर
लगा दू लेकिन पहले अपनी बटी स पूछना आवश्यक था।"
हम दोनो की हसी बहुत देर तक गूजती रही कितनी देर
तक हम दानो हसत रहे। फिर आपन ही पूछा, "क्यो मरा
proposal पसन्द नही आया।"
अरे एकदम बढिया है पापा
देखी थी न interesting news !
एकदम
पापा की प्रिय अभिनत्री थी मीना कुमारी, उसका सम्पूण
व्यक्तित्व आपको पसन्द था और दूसरी थी ग्रटा गारबा।
दोना ही कमाल की अदाकारा।
कम सनसनीदार खबर है ?
नही इससे अधिक सनसनीदार कोई और खबर हो सकती है ?
कब बम्बई चलेंगे ?
अभी ता एप्लाई भी नही किया।
मैं हस दी।
अच्छा अब आर नहा लीजिये।
पहले आप नहा लीजिये।
तुम नही जा रही ?
नही।
उस दिन मैं नहाने गई ही नही वैसे ही खाना खाने
बैठ गई।
सर्दी हो या गर्मी पापा बारह महीने दोनो
समय नहाते थे। दिन मे पचास बार हाथ धोते थे मैं अक्सर

फोन बीच म ही डिस्कनैक्ट हा गया
आज की डाक अभी आई नही थी मैं प्रतीक्षा मे अन्दर
बाहर घूम रही थी।
कल का पत्र ' I feel That my peace of mind
has remained behind you I do
not like to be disappointed in
the matter concerning you There
is nothing particular to talk about
but I am desirous of hearing your
voice It is an urnest and innocent
desire and it deserves to be
fullfield "

इगलिश के शब्द हो या हिन्दी के लेकिन जब य शब्द
मिलकर वाक्य रचना करते हैं, उनसे जो अर्थ बनते हैं
वह कैसे गहरे और अन्तमन को छ लेन वाले होते हैं
इसका परिचय सभी को नही हो सकता।
आपकी आवाज और वाक्य रचना सुनन को मैं कम
आतुर नही। महर्षि वैशम्पायन की भाति आप लिखे नही
बोले जाए और मैं सुनती रहू। आपकी आवाज मुझे
पवित्र मन्दिरो की घण्टियो के समान लगती जो जीवन मे
प्रेम और शान्ति ही देती है।
आपकी आवाज मेरी पूजा थी। सुन्दर काण्ड का पाठ था
सप्ताह म आपके दो फोन अवश्य आते थे और मेर
फोना की तो कोई गिनती ही नही थी। कभी कभी लगता
था कि ट्रककाल का बिल भरने के लिए ही मैं सर्विस
करती हू।
फिर भटक गई मैं।
इस पत्र मे तो ऐसा कुछ नही लिखा था।
मरा अवकाश उसी दिन स्वीकृत हा गया और दूसरे
दिन प्रात ही आकर जब काल बेल बजाई ता
Freedom at the midnight हाथ मे लिए आप
सामने खडे थे।
' बस किताब"
मैंने किताब साफ पर रख दी और आपसे लिपट
गई।

'आप इतनी जल्दी प्रगट हा जाएगी ऐसा तो
मैंन सोचा नही था।"
आपके मुख पर मुस्कराहट थी और मेरे मुख पर
जिज्ञासाए।
आओ एक कप चाय पियें पहल
मैंन पापा के पैर छूत हुए पूछा कि पहले यह
बताइय आपन बुलाया क्या ?
"अरे हा, अभी आया" कह कर आप अन्दर चले गये।
और मैं वहां सोफ पर पैर फैला कर बैठ गई।
"देखा" अखबार हाथ म लिए वह अन्दर स आये। "यह
दस तारीख का अखबार है। मीना कुमारी कमाल अमरोही
स तलाक लेने की सोच रही है। मैंन सोचा मैं अपना नम्बर
लगा दू लेकिन पहले अपनी बेटी स पूछना आवश्यक था।"
हम दोनो की हसी बहुत देर तक गूजती रही कितनी देर
तक हम दाना हसत रहे। फिर आपने ही पूछा, "क्यो मेरा
proposal पसन्द नही आया।"
अरे एकदम बढिया है पापा
देखी थी न interesting news !
एकदम
पापा को प्रिय अभिनेत्री थी मीना कुमारी, उसका सम्पूण
व्यक्तित्व आपको पसन्द था और दूसरी थी ग्रेटा गारबो।
दाना ही कमाल की अदाकारा।
कम सनसनीदार खबर है ?
नही इससे अधिक सनसनीदार कोई और खबर हो सकती है ?
कब बम्बई चलेंगे ?
अभी तो एप्लाई भी नही किया।
मैं हस दी।
अच्छा अब आप नहा लीजिये।
पहले आप नहा लीजिये।
तुम नही जा रही ?
नही।
उस दिन मैं नहाने गई ही नही वैसे ही खाना खाने
बैठ गई।
सर्दी हो या गर्मी पापा बारह महीने दोनो
समय नहाते थे। दिन मे पचास बार हाथ धोते थे मैं अक्सर

मजाक उडाती थी आप कितन गन्द हैं, क्या लग जाता है
आपके हाथो म जो बार बार आप हाथ धात हैं ?
दो दिन कहा व्यतीत हा गय,
पता ही नही लगा ।

□□

आपका पत्र,
वही पुरानी दिनचर्या
17 तारीख का पत्र
आह Russia जा रहे हैं और मैं तीन माह की छुट्टी का
आवदन पत्र दे दू। मेरे पाव ता धरती पर नही पड रहे थे
मैं जानती थी कि मेरा तीन माह का अवकाश नही स्वीकृत
किया जायेगा लेकिन रशिया जाना तो मैं किसी भी
मूल्य पर मिस करना नही चाहती थी। काण्डला डिमाड
काल लगाया वह भी नही लगा। मेरे बगल क सामन
ही सी० एम० मध्य प्रदेश का बगला था, उनके घर गई
फिर भी उस दिन कॉल नही हो सका।
अगले दिन अपने जिलाधीश से मिली और आपकी
तबियत का बहाना बनाकर एक सप्ताह का अवकाश
ले लिया।
मैं अब इन्दौर मे थी।
जिलाधीश इन्दौर के ऊपर आपके एहसान थे। म० प्र०
म अकाल पड रहा था। गेहू की अत्याधिक कमी हो
गई थी। वैगन मिल नही रही थी कुछ स्पेशल गेहू का
काटा गुजरात से म० प्र० के लिए स्वीकृत किया
गया था पर कुछ टेक्नीकल परेशानियो क
कारण अभी तक निर्यात प्रारम्भ नही किया गया
था। एक दिन वह बहुत परेशान थे अचानक मैं
पहुच गई मुझे देखत ही बोले "तुम्हार पापा तुम्ह
इतना प्यार करते हैं उनसे कह कर हमारी मूवमैंट
प्रारम्भ करा दो।"

हमारे लिए तो गर्व की बात थी कि हम अपने कलैक्टर
का काम आप से करा सक्ते हैं हम तो वैसे
ही आकाश गंगा में विचरते रहते थे। पापा
से उन्ही के आफिस से बात की।
तीसरे दिन आपका पत्र आया जो मैंने जिलाधीश महोदय
को दे दिया। As desired by you movement of wheat
to INDORE has been already commenced even
from Bhavnagar 80 wagons, i e about 1200 Tons
have been despatched remaining 1300 Tons from
Bhavnagar would be completed with in this week
There after balance of about 1150 Tons would also
start moving from Ahemedabad

आपका तो हमारे जिलाधीश ने धन्यवाद के पत्र लिखे थे
ट्रंककाल पर बात की लेकिन मेरे अवकाश लेने का रास्ता
अत्यन्त सरल हो गया था। अब हमे अवकाश की
स्वीकृति के लिए किसी की शरण स्वीकार नही
करनी पडती थी।
बाद मे मुझे पता लगा था कि आपने जो मूवमैंट दी
थी उसका मिलना अत्यन्त दुष्कर था। गुजरात से
म० प्र० को गेहू भेजा भी जाता या नही इसमे भी
शंका थी।
जिलाधीश आपसे मिलने स्वय आये थे।
उस दिन पजाब मेल बहुत लेट थी दौडकर
इन्दौर से जब मैं रतलाम पहुची तो पता लगा
कि पजाब मेल पाच घण्टे लेट है।
पाच घण्टे स्टेशन पर।
अहमदाबाद आते-आते सध्या दीप जल उठे थे लेकिन मन
प्रसन्न था कि आप आफिस से घर आ चुके होंगे।
घर पहुचते ही आपसे भेंट।

(6)

मेरी दृष्टि धरती पर ता रहती ही नही थी हालांकि

मुझसे आप अक्सर कहते थे जमीन पर दृष्टि गडा
कर मत चला करो उससे अच्छा है कि दूर-दूर तक
देखा पास देखकर अपनी स्वप्निल आखो और नाजुक कदमो को पीडा
पहुचाना ठीक नही ।
पापा को मेरी आखें बहुत प्यारी थी ।
पापा और मैं एअरोफ्लोत विमान से मास्को पहुचे
पापा यहा शासकीय अतिथि थे अत हमारे खान पीन
और ठहरने की उत्तम व्यवस्था थी । रूसियो के सम्बन्ध
मे मैं बहुत पढ चुकी थी रूसी साहित्य और रूसी भाषा
से भी परिचित थी । विमान परिचारिका जितनी घोषणाए
करती वह हिन्दी और रूसी दोनो भाषा मे होती थी । पता नहीं
कब आख लग गई । पापा ने जगाया तो मैं चौंक पडी
"हम मास्को आ गये ?"
मास्को का हवाई अड्डा बहुत बडा था मैं तो देखती ही
रह गई फाम वगैरह कम्पलीट करके जब हम बाहर निकले
तो शाम के चार बज रहे थे।
पापा आपने एक बात देखी ?
क्या ?
हम पचास कि० मी० से भी दूर आ गये पर रास्ते म अभी
तक एक भी पोस्टर या दीवारो पर लिखा हुआ कुछ नही
मिला ।
हा
हम जहा ठहरे थे । वह एक आलीशान बिल्डिंग थी सब
सुख सुविधाओ से पूण ।
पापा अब आप कहा जा रहे हैं ?
विदेश मत्रालय । जानती हो मनचली आजकल यहा विकट
अन्न सकट चल रहा है । पापा मुस्करा रहे थे ।
अच्छा हमारे इन्दौर की परेशानी यहा भी आ गई ।
तुम शाम को तैयार रहना मैं आफिस से आकर तुम्हे
शहर दिखान ले चलूगा ।
गोगोल चेखव गोर्की के बेटे, स्तालिन की बीबी
एव ख्रुश्चोव की समाधि के आस-पास मैं और
पापा बहुत देर तक घूमते रहे ।
पापा बहुत अच्छी रूसी भाषा जानते थे पर उस समय मेरे

लिए यह भाषा बहुत जटिल थी। पापा मेरे अनुवादक थे
पापा इस स्थान का नाम क्या है ?
नोवोदिविचिये पहले यहा मठ था, भिक्षुणिया रहती थी
लेकिन अब यह सावियत रूस के महान लेखको और
विचारको का समाधि स्थल है।
जानती हो ताशकद का अथ क्या होता है, पत्थरो का शहर।
यहा पर कपास बहुतायत मे उत्पन्न होती है इसके अलावा
चावल, गुलाबी तरबूज, खरबूजे और काराकुल के लिए
यह शहर प्रसिद्ध है।
काराकुल क्या होता है पापा ?
यह हमारे पशमीन की भाति होता है पर बहुत महगा
होता है, ताशकद को रूस का अहमदाबाद भी कह
सकते हैं।
बहुत देर तक हम घूमते रहे, जब वापस लौटे दस
बज चुके थे।
एक सप्ताह पापा बहुत व्यस्त रहे। मैं डा० पीच और
अलग्या के साथ घूमती रहती।
एक दिन जिद करके अलग्या मुझे अपनी नानी के घर
ले गई वहा इशा और शूबा नाम के पदाथ खाये बडा
स्वाद आया। वापिस आकर बहुत देर तक पापा को अलग्या
की नानी के घर के सम्बन्ध मे बताती रही।
कितन स्थानो की भीड, बसो ट्रेनो की भीड देख कर
यही लगता कि मैं अपने देश मे ही घूम रही हू।
एक दिन पापा शाम को चार बजे ही वापस आ गये
मुझे लगा कि आज वह बहुत प्रसन्न हैं। मैं डा० पीच
के पास जाने के लिए निकल ही रही थी। मैंन पापा
से पूछा, 'आज आप बहुत प्रसन्न हैं ?"
हा मनचली
मैंन सैण्डिल उतार दिये और आतिशदान के पास आकर
बैठ गई। उस समय धीमी जलती मोमबती जल कर पूण
रूपेण बुझ चुकी थी चारो ओर मोम ही मोम
बिखरा पडा था।
पापा ने पूछा, 'कही बाहर जा रही थी"
"जी हा डा० पीच के घर पर अब नहीं, उन्हे टेलीफोन
कर देती हू"

मैंने डा० पीच से कहा कि आज पापा जल्दी आ गये हैं।
अत: आज मैं आपका दिमाग चाटने नही आऊगी।
डा० पीच को दिमाग चाटना शब्द बहुत पसन्द आया
था अत मैं उनसे बात करते समय दो चार बार
तो अवश्य ही इस शब्द का प्रयोग करती।
हा पापा अब बताइये
मैंने प्रो० सुलेमानोव से बात कर ली तुम्हे यहा
विश्वविद्यालय मे प्रवेश मिल जायेगा।
मैंने आश्चय से पूछा लेकिन अपन लोग तो परसो
वापस जाने वाले हैं
मैं चला जाऊगा।
मैं अकेली रहू ?
अरे तुम्हे लेनिन विश्वविद्यालय मे प्रवेश मिल रहा
है यहा तुम्हारे भविष्य के लिए कितना स्कोप है अच्छा
नही लगे तो वापिस चली आना।
नही पापा।
क्या बच्चो जैसी बातें करती हो जानती हो मैंने
तुम्हारे लिए कितने प्रयत्न किए हैं।
दो दिन के उपरात डा० पीच और प्रो० सुलेमानोव
के हाथ मुझे सौंप कर पापा वापिस भारत के लिए
रवाना हो गये।
मास्को के हवाई अडडे पर उन्हे विदा करते समय मन
चीख-चीख कर कह रहा था मुझे यहा नही रहना
पापा ने अत्यन्त प्यार से मुझे अपनी बाहो म भर
लिया। मेरे माथे पर अपना चुम्बन अकित करते
हुए बोले "अपना ध्यान रखना।"
पापा अन्दर चले गये।
मैं डा० पीच के साथ वापिस आ गई।
मैंने हास्टल मे प्रवेश नही लिया मैं अलग्या को छोडना
नही चाहती थी अत उसके घर ही रहने का
निणय मैंने लिया।
उस रात मैं सो नही सकी। अलग्या और उसकी
वद्धा मा ने मेरा ध्यान बटाने का भरसक प्रयत्न
किया पर मैं चाहकर भी सामान्य नहीं हो पाई।

०००

अलग्या ने मुझे बताया कि मास्को आट थियेटर के
कलाकारा ने आजकल बडी धूम मचा रखी है
"नाटक देखने चलो" अलग्या ने वड प्यार से
मुझसे कहा वह मेरी मनोस्थिति स परिचित
थी अत वह चाहती थी कि मेरा मन इधर उधर
बटा रहे।
कौन सा नाटक है ?
अभिनान शाकुतलम्
अच्छा
अच्छा नही तुम्हें चलना है
मैं और अलग्या बडी कठिनाई से भीड को चीरते
हुए सस्कृति भवन पहुचे इस बीच कितने लोगो
ने अलग्या से पूछा आपक पास एक टिकिट है। एक
वृद्ध व्यक्ति न अलग्या का बडी दीनता स बताया कि
उसको टिकट उसके लिए नही अपनी प्यारी पौत्री के लिए
चाहिए।
कहा था मानवीय सम्बन्धो का अन्तराल एक दादा
अपनी पोती के लिए टिकिट खरीदने आया था कहा है
विभिन्नता भारत और रूस म
वैसे भी
बहुत सारे लोग बार बार आकर एक लडकी से एक ही
प्रश्न पूछ रहे थे "एक टिकट है आपके पास ?"
रूसी भाषा के कुछ शब्द मैं समझने लगी थी।
अलग्या ने मुस्करा कर पूछा, "क्या सोच रही हो ?"
मैं हस पडी, मैंने कहा, "मैं अलग्या मुझे पाब्लो नेरुदा
की एक पक्ति अनायास याद आ गई।
"क्या ?" अलग्या ने पूछा "I am convinced
that there will b mutual under standing
amongst human beings achieved inspite
of all the suffering the blood the
broken glass"

अलग्या हस पडी फिर धीरे म उस की नानी जो हमारे

पास ही बैठी ओशिए से टिवोड़ी बना रही थी बोली
मानवीय हृदय तो सभी स्थाना पर एक स हाते हैं
जी हा, नानी मा सबका रक्त लाल ही हाता है
"सब शब्द एक से होते हैं सब की अनुभूति एक सी होती
है सभी शब्दो का उच्चारण मुख स ही करत हैं फिर
शब्दा म अन्तराल कैसा, भावनाओ या अनुभूतियो म
अतर कैसा ?
हा अलग्या तोलस्ताय गाधी, रवीन्द्र के बौद्धिक स्तर
में क्या विभिन्नता है ?
हम लोग बातें कर ही रहे थे कि डा० पीच आ गए। उन्हान
कहा "बौद्धिकता अधिक तक उत्पन्न करती है"
' हा ' मैंने उत्तर दिया, ' बौद्धिका के तक म समानता
शायद न हो पर विभिन्नता नही हाती।"
डा० पीच जोर से हस पड, उन्होंने कहा
' जानती हो मनचली भूदास प्रथा क दिना म ही
तोलस्तोय एक महान कलाकार के रूप म असाधारण यश
पा चुक थे उन्होंने अपनी लेखनी द्वारा जीवान्त प्रश्ना को उठाया था
इसीलिए उनकी कृतियो न विश्व साहित्य मे श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया
उनका देश उस समय सामन्ती जुए क तले सिसक रहा था
वह विकास क अग्रिम रूप म सामन आए हालाकि उस
श्रेष्ठ साहित्य को बहुत कम लोग जानत थे। लकिन उस समय भी उनक
साहित्य को घर घर पहुचाने के लिए लोग कटिबद्ध थे
और तभी क्रान्ति का जन्म हुआ और देश न करवट
बदली। वह सवहारा कहलाए।
"आप ठीक कहत हैं डा० पीच हमारे यहा रवीन्द्र ने भी गीताजलि लिखकर
साहित्य को उत्कृष्ट मोड दिया। कालिदास क उपरात
पुन एक निष्णान्त साहित्यिक धरा पर आया और
गीताजलि जैसा ममज्ञ, तत्त्व चिन्तन एव दशन का समन्वय उसने
एक साथ किया। इन्द्रधनुष के सतरगी रगो से लेकर, विश्व
प्रकृति एव ब्रह्म का जो वणन रवीन्द्र कर सक वह सम्भवत
कोई लेखक आज तक नही कर सका इसीलिए वह
महामानव कहलाते हैं।
उसी समय रोदिओन मेफादियेविच का टेलीफोन
आ गया। प्रो० रोदिओन मेफोदियेविच भी डा० पीच
की भाति दशन शास्त्र के प्रोफेसर थे, तथा डा० पीच

के अभिन्न मित्र ।
डा० पीच ने बताया कि वह उनके घर बठे हैं और
उनकी प्रतीक्षा कर रहे हैं उन्होने मुझसे और अलग्या से
भी अपने घर चलने का अनुरोध किया ।
वहा जाकर पता लगा कि प्रो० रोदिओन मेफोदियेविच मात्र
दशन शास्त्र के प्रोफेसर ही नही एक सवेदनशील कवि
भी हैं। मयाकोव्स्की की कविता को वह श्रेष्ठ कविता
मानते थे बाकी सब बेकार
उनका लाल मुह और उस पर दमदमाती श्वेत द त पक्ति
मैं आज तक नही भूल पाई।
डा० पीच के घर मैं पहली बार ही आई थी यहा
आने के उपरात पता लगा कि उनके पिता उनसे अत्याधिक
रुष्ट हैं वह उन्हे भूमि का इजीनियर बनाना चाहते थे
और डा० पीच करने लगे कविता। बन गये दशन शास्त्र
के प्रोफेसर। मैं उनकी बातें बडी लगन से सुन रही
थी तभी डा० पीच न धीरे से कहा,
"शाश्वत सघष, शान्ति के हमने केवल सपने दखे है।
जानती हो इसके रचियता हैं ब्लोक।"
मैं मुस्करा दी
पिता श्री की डाट के उपरान्त भी वह ब्लाक की चर्चा करते
हैं।
डा० पीच एकदम मेरे पास आ गए और बोले, "मनचली
तुमने रशियन मूवी देखी है ?
जी हा, अनना कैरेनिना देखी थी उसमे मेरी
प्रिय अभिनेत्री ग्रेटा गार्बो काम कर रही थी
तुमने कौन-सी किताब पढी ?
प्रश्न बेतुका सा था मूवी की बात से एकदम साहित्य पर
मैं पुन धीरे से मुस्करा दी फिर बोली "जी हा लेनिन और
गाधी पढी है अलैक्जैंडर शिफ्यान की "टालस्टाय
और भारत" भी पढी है।
अचानक मेरी दृष्टि सामने की दीवार पर लगी घडी पर गई
"अरे नौ बजने वाले हैं अब घर चलना चाहिए'
दो-तीन दिन के उपरात मैं और अलग्या लेनिनग्राद गए।
लेनिन की समाधि पर फूल चढान वाला का लम्बा क्यू
लगा था।

लाल मैदान म यह लाल पत्थरो का बडा ही भव्य एव
गम्भीर स्थल है जिसने मेरा मन मोह लिया। मैं कितनी
देर तक वहा बैठी उस समाधि को निहारती रही। विश्व के
जा माने समाजवादियो के लिए यह एक महान तीर्थ स्थान
है। एकदम मध्य मे एक आकर्षक काच की पेटी मे
युग निर्माता लेनिन का शव रखा हुआ है मानो
थक कर कुछ क्षणो के लिए वह विश्राम कर रह हा। अभी
जग जायेंगे युग पुरुषो के समाधि स्थल
भी कितने प्रेरणादायक होते हैं और रूस म तो
बडे ही व्यवस्थित रूप म महान लोगो के भौतिक शरीर को
सदा के लिए सुरक्षित कर दिया है।
एक क्षण के लिए मन म आया कि काश हमारे
देश म भी ऐसे ही भव्य समाधि स्थल बनाये जात
इसके उपरात लेनिन लायब्रेरी देखी। कहा जाता है यहा
विश्व का सबसे बडा ग्रन्थालय है इसके अन्तगत दो करोड
से अधिक पुस्तकें हैं।
वहा स हम मैट्रो से मास्को वापस आए। बम्बई
लोकल की भाति वहा भी बिजली की रेलें चलती हैं।
लकिन हमारे देश की भाति धक्का मुक्की नहीं होती
बडी अनुशासित भीड होती है। साफ सुथरे रेलवे स्टशन
चमचम चमकते सगमरमर के फश मानो दूधिया चादनी
बिखरी पडी हो।
वहा से निकल कर हमन दस्तोव्स्की म्यूजियम देखा
कैथेड्रल देखा, पुश्किन म्यूजियम देखा। कहते हैं जब पुश्किन
शादी के उपरात अपनी पत्नी को शैम्पेन आफर कर रहे थे उस समय
शैम्पेन छनक गई थी।
अलग्या ने बताया, "जानती हो मनचली हमारे यहा इसे
अपशकुन मानते हैं।'
मैं चौंक गई।
' अलग्या यहा भी अन्धविश्वास।"
मानव मन सब एक से हैं। मेरे अन्तर मे आवाज आई।
अलग्या आगे बता रही थी, 'बेचारे पुश्किन अडतीस वष
की उम्र म ही चल बसे वाल्तेयर का एक स्केच उनकी
कविताये कुछ रुक कर अलग्या ने
कहा, "यह वही कपडे हैं मनचली जिसको पुश्किन गोली

"क्या नही रख पाता, अपने पर नियत्रण दिन प्रतिदिन उसकी श्रद्धा बढती जा रही है, म दिरा म भीड बढती जा रही है ।"

'जो प्राणी मगल रूप को छोडकर परोक्ष भक्ति की पूजा करता है वह चाहे मदिर जाय तप करें तीथ करें वह अपनी मानसिक दीनता भरे स्वार्थ को पूरा नही कर सकता ।'

"महत्वाकाक्षाओ को प्राप्ति के लिए सघष भी तो करता है मानव ।"

वह तो मानव की नियति है, सघप रत रहना ही मानव के महत्वाकाक्षाओ की सफलता है । लकिन सघर्षों के चयन म भी तो निय त्रण होना चाहिए ।"

"नियत्रण"

"हा विवेक ।"

'जब विवक जाग्रत होता है तो सघष की राह मे आई बहुत सी परेशानियो का समाधान अपने आप हो जाता है ।

"आज हमारा विवेक कम क्यो हो रहा, स्कूल, कालेज विश्वविद्यालयो की भरमार तो दिन प्रतिदिन बढती जा रही है शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत तो समझ आनी ही चाहिए ।"

भयानक था। पैदल पूरा रास्ता पार करना पड़ता था, क्योंकि आवागमन के साधन उस समय उपलब्ध नही थे। अपनी कुछ साथियो के साथ वह इस यात्रा पर निकली। आधा मील का रास्ता पार करने के उपरांत तैलो मैला का दस मील का बीहड़ जगल पडना था जिसके अन्दर डाकू वाग्दा ने अपना निशक एकछत्र राज्य फैला रखा था। शारदा देवी के सभी साथी इसी प्रयत्न मे थे कि दिन डूबने से पूर्व सब जने जगल पार कर लें। शारदा देवी बहुत तेज चलने का प्रयत्न कर रही थी फिर भी अपनी साथियो से पीछे रह जाती थी। वह इतना थक चुकी थी कि आगे पैर रखना उनके लिए सम्भव नही हो रहा था। आखिर उनकी सगनियो ने उन्हें उलाहना देते हुए कहा, ऐसा लगता है कि आज तुम्हारे मारे हम सब की जान जाएगी। डाकू किसी को नही छोड़ेंगे। मा शारदा ने धीरे कहा मेरे लिए अब चलना सभव नही हो रहा है आप लोग जाइये और अगर सभव हो तो धर्मशाला में मेरी प्रतीक्षा करना। उस निर्जन डरावने जगल मे अकेली खडी वह कुछ देर तक तो अपने जाते हुए साथियो को एकटक देखती रही फिर धीरे धीरे वह भी चलने लगी। वह कुछ ही दूर आगे बढी होगी कि उन्हे वाग्दी डाकू की भयकर गर्जना सुनाई पडी, "कौन है ?" उन्होने नि सकोच कहा तुम्हारी बिटिया। वाग्दी ने उन्हे ध्यान से देखा। इतनी देर मे वाग्दी की पत्नी भी निकल आई। दोनो ने उस मासूम और भोली भाली लडकी को ऊपर से नीचे तक देखा फिर पूछा, 'कहा जा रही हो ?"

"तुम्हारे जमाई के पास दक्षिणेश्वर मे रानी रासमणि के काली मदिर मे रहते हैं। दोनो मा शारदा को अपने घर ले आए दूसरे दिन वह शारदा को खिला पिलाकर सवेरे तारकेश्वर की ओर रवाना हुए डाकू दम्पति ने धर्मशाला मे अपनी बिटिया को उनके साथियो तक पहुचा दिया। उनके सभी साथी विस्मयविमूढ होकर उनको निहारते रहे एक ने अत्यन्त साहस करके पूछा, 'यह कौन है और तू अभी तक जीवित कैसे रही ?"

'यह मेरी मा है यह मेरे पिता हैं तैला मैला के मैदान मे मिल गये नहीं तो पता नहीं मेरी क्या अवस्था होती। वाग्दी और उसकी पत्नी ने सब को आशीर्वाद दिया। बिटिया को छोडते समय उनकी आखें नम थीं।

वाह !
अगर प्रत्येक व्यक्ति बाग्दी डाकू की भाति अपने को
सभाले, अपनी आत्मा की आवाज सुने तो बुरे न—
करने योग्य कार्यों का स्थान नगण्य हो जायगा।
"फिर मनुष्य अपनी आत्मा की आवाज क्या नही
सुनता ?"
' व्यक्तिगत महत्वाकाक्षाए बहुत बढ गई हैं।"
महत्वाकाक्षाए तो सवदा ही रही हैं पापा, जीवन
चचल, अस्थिर तो आदि काल से चला आ रहा है
"मनुष्य जन्म लेते ही चचल और अस्थिर हो जाता है
यही उसका जीवन है लेकिन इस अस्थिरता और
चचलता का अगर वह विवेक के द्वारा नियत्रण कर
लेता है तो जीवन की यातनाए कम हो जाती हैं।"
'क्यो नही रख पाता, अपने पर नियत्रण दिन प्रतिदिन
उसकी श्रद्धा बढती जा रही है, मदिरो मे भीड
बढती जा रही है।"
"जो प्राणी मगल रूप को छोडकर परोक्ष भक्ति की
पूजा करता है वह चाहे मदिर जाये तप करें तीथ
करें वह अपनी मानसिक दीनता भरे स्वाथ को
पूरा नही कर सकता।'
"महत्वाकाक्षाओ को प्राप्ति के लिए सघर्ष भी तो
करता है मानव।"
'वह तो मानव की नियति है, सघष रत रहना
ही मानव के महत्वाकाक्षाओ की सफलता है।
लेकिन सघर्षों के चयन मे भी तो नियन्त्रण
होना चाहिए।"
"नियत्रण"
"हा विवेक।"
जब विवेक जाग्रत होता है तो सघष की राह मे
आई बहुत सी परेशानियो का समाधान
अपने आप हो जाता है।
"आज हमारा विवेक कम क्यो हो रहा, स्कूल, कालेज
विश्वविद्यालयो की भरमार तो दिन प्रतिदिन बढती
जा रही है, शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत तो समझ आनी
ही चाहिए।"

"यही तो सारे दु ख की जड है, मात्र पुस्तकें हम
विवेकी नही बनाती, विवेकशील बनाने के लिए हम जितनी
पुस्तको की आवश्यकता है उतनी ही हम सस्कारो और
वातावरण की आवश्यकता है। पुस्तका मे नान मिल सकता है
पर विवेक नही, विवेक जाग्रत ज्ञान पर मानव नम्र सहनशील
और बन्धुत्व म विश्वास रखा लगता है। ज्ञानी होने पर
अहम का न हा पौधा अकुरित होता है। मनचली हम लोग
आज तक पुस्तका क बल पर नही सस्कृति और सस्कारो
के बल पर जीवित हैं। पुस्तकें हमारी सस्कृति का
आधार स्तम्भ हैं जो दीये की भाति हमारी सस्कृति का
प्रज्वलित करती रहती हैं, हमार सस्कार चारो ओर स
इसकी रक्षा करते हैं। सतत प्रहरी समय आने पर
उत्तजना करते हैं।"
इसी बीच पापा स मिलन आफिस का कोई व्यक्ति
आ गया और हमारी बात वही बीच मे रुक गयी।

□□

आज सारा दिन मैंने पापा को अपनी नयी पाण्डुलिपि
के अन्तिम चार अध्याय सुनाये।
सुनने के उपरान्त वह काफी देर तक चुप बैठे रह
फिर मेरी ओर दृष्टिपात करते हुए बोले, "तुम्हारा
अत प्रभावशाली नही है।"
बस फिर क्या था बहस चल पडी।
"तुम अपना अत नही बदलना चाहती तो तुम्हारी
मर्जी लेकिन मुझे यह बहुत कमजोर लगता है
ऐसा लगता है कि तुम लिखते लिखते घबरा
गइ हो और इस घबराहट मे जब तुम्ह कुछ नही
सूझा तो तुमने नायिका को मार डाला। किसी को
समाप्त कर देने से समस्याए समाप्त नही हो
जाती मुझे बहुत बचकाना सा लगा
तुम्हारा यह प्रयास।
कितने महीनो के परिश्रम से तो मैंने अपने
उपन्यास की इतिश्री की थी। स्वाभाविक था

उनका इतना स्पष्ट रिमार्क मुझे अच्छा नही
लगा। सभी ने मेरी पाण्डुलिपी की प्रशसा की
थी और पापा को इसका अन्त बचकाना प्रतीत
हुआ।
आपका तो मैं कितना भी परिश्रम करके लिखू
अच्छा लगता ही नही। मैं बडबडाइ। एसा पहली
बार ही नही हुआ था बहुत बार होता था।
"तुम्हार उपन्याम को प्रभावशाली बनाना मेरा कर्तव्य,
तुम्हारी ऊचाई मेरा गौरव है।" कितनी सहजता से
वह कहा करते थे।
आज जब वह नही हैं,
तो हर पल अभाव ही अभाव द जाता है। मेरे
प्रत्येक शब्द शून्य के अण्डकार म मुझे अर्थहीन स लगते
हैं कौन है मेरा ऐसा समीक्षक मन उद्विग्न हो जाता
है पृष्ठ पर लिखा प्रत्यक शब्द काला दष्टिगोचर
होता है लकीरें धाकी पड जाती हैं। कौन है जो
उन शब्दो और लकीरो के यथार्थ को आकेगा।
आज कोई नही कहता कि शब्दो का
बाहुल्य अर्थहीन है झूठे आदर्श हैं, बचकाना है गरिमा नही है
पात्रो का व्यक्तित्व नही आक सकी आदि आज
का जीवन ता मात्र अहो रूपम अहो ध्वनिम् पर चलता
है जब वह कहते थे तो मैं सुनकर हस देती
थी लेकिन आज जब इस तथ्य की वास्तविकता समझी
तो वह नही है आज नई प्रकाशित पुस्तक "अयन-
हिता" मेरे हाथ मे हैं।
मैं तो निस्तब्ध निशब्द ठगी सी खडी हू
अगर आत्मा अमर है। प्रेम अमर है। ममत्व चिरकाल की
सुरक्षित भावना है तो आप अवश्य प्रसन्न हो रहे होगे
लेकिन मैं क्या जानू मेरे तो स्वप्न मे भी आकर
कभी आप नही मुस्कराते। कभी कभी ऐसा अनुभव
करती हू कि कही आप मेरे से नाराज तो नही
हो ?
मन नही स्वीकारता।
काश, मैं एक बार आपसे बात कर सकती।
पुरानी यादो मे खो जाना एक सुख है, इसे कुछ

क्षण की क्षणिक तृप्ति का नाम भी दे सकते हैं।
अतीत की लहरो मे बह जाना अपने निजस्व को
भूल जाना है।

□□

आज पडोस मे मृत्यु हो गयी मन बडा उदास
था जो नही रहे उनसे हमारे परिवार की गहरी
आत्मीयता थी, विशेषकर मेरी। उनके पैर के
अगूठे म थोडी सी चोट लगी थी उस दिन
कल्पना भी नही की थी कि यह चोट उनको इस
ससार से मुक्ति दिलाने का कारण बन जायेगी।
मैं गुमसुम लॉन मे बैठी थी पता नही कब
पापा मेरे पीछे आकर खडे हो गये जब देर
तक मेरी तन्द्रा नही टूटी तो धीरे से बोले, "ए
पैनी फार योर थोट।'
मैंने अपनी भीगी नजर उन पर डाली और मुस्करा
दी।
"चाय पीओगी ?"
मैंने सिर हिला दिया।
"आज कुछ अधिक हो विचारमग्न हो ?"
"पापा, बार बार जन्म लेना बार बार मरना क्या
यह एक भयानक यन्त्रणा नही है ?"
'यन्त्रणा नही मानवीय नियति है, यही सत्य है
और सत्य को स्वीकारने म इतनी पीडा नही होनी
चाहिए।"
"फिर हम अर्चना उपासना, तप, जप, क्यो करते हैं
जब यन्त्रणा पाना सत्य है फिर सत्य को स्वीकारने मे
पीडा कैसी ? "यह तो हमारा प्रारब्ध है न !"
' परमेश्वर सबका आश्रय रूप है यह मानकर उपासना
करने वाला आश्रय युक्त हो जाता है। वह सबसे महान्
है। ऐसा मानकर उपासना करें तो उपासक महान् बन
जाता है।"

"महान्, आनन्द, सत्य, विवेक, ब्रह्म यह सब व्यर्थ हैं ।"
"नहीं आनन्द ही ब्रह्म है । आनन्द से ही सबका जन्म
होता है आनन्द से ही सब सृष्टि का सचालन होता है
एव आनन्द की पराकाष्ठा ही तिरोधान है । आनन्द प्रारम्भ है ।
आनन्द मध्य है आनन्द अंत है ।'
"सत्य विवेक "
'जब तक सत्य म चित्त न हो अनुभव हो ही नही
पाएगा जब सत्य मे प्रीत हो जाती है विवेक
स्वय आ जाता है पीडा कम हो जाती है ।"
"अच्छा एक बात बताइये आप सदा कहते हैं परम पुरुष,
विराट पुरुष, काल पुरुष और इतिहास पुरुष क्या इन
चारो पुरुषो म कोई अन्तर है, या इनका कोई
विशेष अर्थ है ?"
"परम पुरुष विज्ञान धन है । विश्व के महासत्य का
विकास, विराट पुरुष विश्व की समग्र जड
चेतनात्मक महासत्ता का नाम है । काल-पुरुष
अनन्त तारो से भूषित नक्षत्र खचित आकाश विस्तार
है । इतिहास पुरुष अखिल विश्व के प्रमाण
प्रमेयात्मक स्वरूप की प्रमाता है । मनचली, विश्व
धनात्मक और ऋणात्मक इन दो विरुद्ध गतियो
का एक सगठित महाक्षेत्र है ।"
आ० के० चाय लेकर आया उसे कही बाहर जाना था ।
अत वह पापा से बातें करने लगा । मेरी बात का क्रम
वही टूट गया । मुझे उस पर बहुत गुस्सा आया
इतनी अच्छी चर्चा चल रही थी कि बीच म आ
टपका पापा मेरी मुखमुद्रा पहचान गये ।
"जानती हो मनचली ज्ञान विज्ञान से देदीप्यमान
आज का युग 19वी शताब्दी के प्रारम्भ स
मध्य तक यही मानता आया कि सृष्टि का
प्रारम्भ ईसामसीह के जन्म से मात्र चार हजार वर्ष
पूर्व हुआ था । हजारो वर्षों पूर्व का भारतीय भी
इस मान्यता पर ठहाका मार कर हस पडता
किन्तु मान्यता ऐसी थी उस योरुप की जो कल तक
भारत का अधविश्वासी सकुल का एक असभ्य देश
मानता आया था । आज वही के वैज्ञानिक इस निष्कर्ष

पर पहुचे हैं कि सष्टि का प्रारम्भ वस्तुत
प्राय दस अरबो वष पूव हुआ था जो भारत
की प्राय आदिकालीन मान्यता रही हैं।"
' हमारे सत्य उन्हे मानने ही पडेंगे मैंने वहीं पढा था
कि सूय की उत्पत्ति काल के सम्बन्ध म भी वह
भारतीय मत के अत्यन्त निकट आ चुके हैं पापा।"
' हा 21वी शताब्दी तक भारतीय अको को भी वह
सम्पूणता से स्वीकार करने म समथ हो जायेंगे।"
' आत्म परीक्षण करके अगर हम एक दूसरे की बात
मान लें तो जीवन म कोई बडा व्यवधान हम
सकुचित नही करेगा ? '
आत्म परीक्षण तुम किसे कहती हो ? '
अपने मन का परीक्षण करना ही आत्म परीक्षण
कहलाता है। हम अपने मन की कमियो और दोषो
को समझना चाहिए अगर यह काय मनुष्य मन
से करने लगे तो उसको उसके जीवन की
न्यूनताएँ दीख पडेंगी। उनका निवारण करना उसकी
अपनी साधना का प्रथम चरण होगा।"
बाहर काल बेल बज उठी
पापा से मिलने कोई आया।
ओ० के० से छुट्टी मिली तो काइ मिलने आ गया।
मेरी ढेरो बातें मेरे
मेरे ढेर सारे प्रश्न उनसे पूछने के लिए
प्रश्न का वृहद् शब्द कोष।

(19)

'जीवन दाशनिक की भाति नही जिया जाता। लेकिन
जीवन भयानक स्थितियो को भी स्वीकार नही करता
यह हमेशा याद रखना मनचली।'
"जीवन सहज भी तो नही है।'
"जैसा तुम मानोगी जीवन वैसा ही है।"

"ऐसा कैसा हो सकता है पापा हम परशानियो स
घिरे हैं और अगर हम यह मान भी लें कि हम
बहुत प्रसन्न हैं, क्या यह यथाथ है या सम्भव
हो सकगा। वास्तव म जीवन म सामान्य प्राणियो
को परेशानियो के अतिरिक्त मिलता ही क्या है
वह सिसक सिसक कर जीता है और एक
दिन उसी मे दम तोड देता है।
"My dear to live with worries is not
a pleasing job They make everything
in life tasteless and borring if not
unavoidable' याद है न मेरा वाक्य ?

"पापा, कोई चाहता है कि वह दुखी रह लेकिन
जब पास म साधन नही होत। उसके पास
पैसा नही होता तो वह बेचारा सुखी कहा म
होगा। आज के युग मे पैसा जीवन का सार
है। पैस द्वारा ही मनुष्य सब कुछ पा सकता
है।"

"No I don't agree with you that
money can purchase everything That
we want money is a means and every means
has its limitatoin The real pleasure of
receiving the happiness lies in its coming to
us naturally Our bringing it to us artificially
by the power of money is not possible
that is why you will see that very rich
people are not happy"

"आपका कहना थोडा बहुत ठीक हो सकता है लेकिन
एकदम न्यायसगत नही।"
"अभी भी तुम्हारे विचार परिपक्व नही।"
"आप जैसा समझें!"
"नही "
"मैं बीच मे ही बात काट कर बोली कल मैं एक
किताब पढ रही थी पेट को रोटी नही थी और उसके

पात्र बात कर रहे थे संस्कृति की, संस्कृति को जीवित रखने के लिए शांति सौहाद एव निश्चिन्तता की आवश्यकता है क्या यह सब बातें भरे पेट की देन नही हैं ? नही तो भूख इतनी बुरी वस्तु है कि मा अपने बच्चे को मारकर खा जाती है ? '

"बहुत उत्तेजित हो मनचली, उत्तेजना मे कभी किसी विचार के साथ निष्पक्ष न्याय नही कर पाओगी।"

"आप इसे उत्तेजना कहते हैं।"

"मैं इसे समझदारी भी नही कहता।"

"आप ,"

"किस पर इतना नाराज हो ?"

"नाराज नही आपको मेरी बातें यथाथ नही लगती।"

"नहीं।"

"यथाथ से लोग अक्सर ,,"

बीच मे ही पापा बोले, "जाओ बहुत रात हो गयी मो जाओ, तुम्हारे यथाथ सत्य की चर्चा कल करेंगे।"

□□

'क्या लिख रही हो ?"

"द्रोपदी को पत्र" मैं मुस्करा दी।

"आजकल तुमने लिखना एकदम बन्द कर दिया है ? '

"नही तो।"

"क्या ,,"

"अरे, आप को बता तो रही हू कि द्रोपदी को पत्र लिख रही हू।"

पापा न भी मेरी ही भाषा म पूछा, "द्रोपदी का पत्र आया है क्या ? '

मैं खिलखिलाकर हस पडी, "आपने कहा था न कि महाभारत को सरल भाषा मे उपन्यास का रूप दू

बस उसी के पीछे हू पर व्यास ने इतन
द्रष्टात डाले हैं कि चाहकर भी यह पता नही
लगता कि क्या छोड़ू क्या याद रखू। छोटी से
छोटी सी घटना को लेकर एक वृहद उपन्यास
तैयार हो सकता है इतन प्रसग हैं कि उनका
वर्णन एक साथ एक उपन्यास मे करना असम्भव
सभी अपने मे पूण इकाई।"
"तभी ता तुम्हें उस समुद्र म गोता खाकर मोती वाली
सीप लेकर बाहर आना है।"
"आऊगी पापा जरूर आऊगी, समुद्र मे से मोती वाली सीप
ही निकाल कर लाऊगी कितना भी गहरा जाना पडे
जाऊगी और मुझे विश्वास है कि विजय श्री मेरे
ही हाथ लगेगी।"
"मुझे खुशी होगी।"
"आपकी खुशी "
पापा बीच मे ही बोले, "तुम्हारे मुह से निकली
बातें मैं कभी सहज रूप मे नही लेता मैं अपने
मन की तराजू मे उन्हें सदा तोलता रहता हू उसकी
गम्भीरता को पहचानन का प्रयत्न करता हू।' पापा ने
स्नेह युक्त गम्भीर वाणी म कहा।
मेरी आखो मे बिजली की आभा दौड गई। एक क्षण रुककर
मैंने पूछा, "पापा, मुझे ऐसा लगता है कि सम्पूण महाभारत
को एक उपन्यास का रूप दने के बजाय मैं किसी
एक घटना को लेकर उपन्यास लिखू ?"
"यह प्रयास भी कर सकती हो। कण, कृष्ण पर
तो बहुत उपन्यास लिखे गय हैं। कुन्ती, द्रोपदी,
युधिष्ठिर पर काफी कुछ लिखा जा चुका है।"
' लिखा ही नही अत्यन्त सफल रूप से लिखा गया है
लेकिन हमे भी तो प्रयत्न करना चाहिए।"
"अवश्य करो।"
मैं बहुत देर तक सोचती रही और वह शान्त भाव से
अपनी चाय समाप्त करन म व्यस्त रह।
काफी देर चुप रहने के उपरान्त मैं ही बोली, पापा
मैं महाभारत के अपमानित गुरु द्रोणाचाय पर लिखना
चाहती हू, द्रोण एक ऐसा गुरु है जिसन एक नयी

परम्परा को जन्म दिया। द्रोण से पूर्व सभी शिष्य
आश्रम मे गुरु के घर पढने जाते थे भले ही वह
राज्य वश के उत्तराधिकारी क्या न हो गुरु उनके
द्वार पर कभी नही आते थे लेकिन द्रोणाचार्य वह
पहले अपमानित गुरु थे जो कौरवो एव पाण्डवो को
शिक्षा देने के लिए उनके पास उनके घर रहे। इसीलिए जीवन
भर कदम कदम पर उनका अपमान हुआ जिसके
कारण वह क्रोधी, असयमी और कानो के कच्चे हो
गये थे। सत्य ढूढने की समझ की या परखने
की उनमे शक्ति नही थी।'

"अच्छा है किसी भी विचार को अपने स्वतत्र विचारो
के अनुसार डेवलप करना भी स्वय मे एक बहुत
बडी कला है। और वह कला तुम को बहुत अच्छी तरह
आती है सुख' अधिकार एव पूर्ण स्वच्छन्दता उपभोग
करने के उपरान्त भी यह सत्य है कि द्रोण जीवन भर
दु खी रहे। वह कभी निष्पक्ष न्याय नही कर सके
अच्छा विषय है प्रयत्न करो।"

'मुझे प्रसन्नता हुई कि आपको मेरा विषय पसन्द आया।"

पापा मुस्करा दिए।

' मुझे तुम्हारा प्रत्येक विषय पसन्द आता है अब
आरम्भ कर दो उधेड बुन मे पडोगी तो काम नही
कर पाओगी।"

"जी हा।"

"वर्तमान के भौतिकी युग को उस चरित्र के उस
अतीत के वातावरण को अपने लेखन से ऐसे जोडना
कि तारतम्य मे बोधगम्यता रहे। देखो सभी अर्वाचीन
आदर्श नही होता और न ही समस्त प्राचीन
साधना के लिए होता है लेकिन हम उस अतीत को
वर्तमान की प्रगति मे आकर्षक रूप से बैठाना है
यही एक महत्त्वपूर्ण सत्य है यही एक कला है।"

"पापा कल का इतिहास और आज का सत्य ही तो एक
उपन्यास को जन्म देते हैं।"

"गुड"

"लिखना अच्छा लिखना "

"हू"

"लिखो, बस खूब अच्छा लिखो।"
"मरे प्रयत्नो म कमी नही करूगी।"
"एक बात लिखने समय सदा ध्यान मे रखना कि किसी भी प्रचलित धारणा या मा यता को बिना मन या विवेक की तराजू म तौले बिना कभी भी उमे अपनी लेखनी म नही ढाल लेना, परखे बिना कभी कोई सत्य स्वीकार मत करना। तुम्हारी लेखनी की यही शक्ति हानी चाहिए। जीवन मे, समाज म अकल्पनीय परिवतन हाते रहत है और आज जिस ओर हम बढ रहे हैं वहा तो परिवतना की गजना के अतिरिक्त कुछ है ही नही एसी अवस्था म बुद्धि को सदा मन और भावना से गहरी दास्ती करनी पडती है। यथाथ की भूमि पर वतमान का घर बनाकर आवश्यकता का वातावरण खडा कर दो तुम्हारी कलम से लिखे हुए शब्द पढे नही पूजे जायेंगे।"
"मैं भी चाहती हू पापा कि इस बार मेरा उप यास बहुत अच्छा हो जिसे पढकर पाठक जी जाए।"
"अवश्य हागा परिश्रम करा सफलता मिलेगी। तुम बहुत अच्छा साच सकती हो बहुत अच्छा लिख सकती हो बस एक बार अपने मन म दढ निश्चय करने की आवश्यकता है। वही तुम्हारा साहस है।"
"साहस और दढ निश्चयता किसी की कमी नही है मेरे मे पापा।"
"बस यह वाक्य ही तुम्हारे शब्दो की ध्वनि बनेगा।"
"अवश्य बनगा।"
"एक प्रख्यात लेखिका के रूप मे तुम्हे देखकर बीच मे ही बात काटकर मैंने पूछा "मुझे बेटी के रूप मे पाकर आपको प्रसन्नता नही हुई।'
"किसी भी बात को टिवस्ट करना अच्छा नही। तुम अपनी बहुत सारी Energy इस म अनावश्यक रूप से बबाद कर देती हो। My dear child it is not good, don't waste your eneregtic talent like this तुम मेरी रचना हो और अपनी रचना पर किसे गव नहीं होता।"
मैंने धीरे से उठकर पापा के पैर छू लिए, अनायास

मेरी आखें नम हो गयी।
"पापा धरती क गर्भ से प्यास बुझाई जाती है लेकिन मेरी
प्यास तो मात्र आपके सामीप्य से ही बुझती है।"
सामान्य भावो की भाति आज भी ओ० के० न आकर बताया
कि बारह बजन मे दस मिनट की देरी है।
पापा ने चौंककर पूछा, ' बारह बज गये, उठो मनचली।
बहुत देर हो गई।"
प्यार का कोई अत नही।
ममत्व का कोई परिचय नही।
प्यार मे अभाव, असुविधाए शब्द नही सुना
ममत्व के पास सम्भवत शब्द ही नही होते।
कडुवापन क्या होता है इस अनुभूति को कभी अनुभव
नही किया।
हमदर्दी, नसीहत, इन शब्दो से कभी व्यक्तिगत परिचय
ही नही हुआ।
प्यार और ममत्व,
बस यही जीवन था,
मैं और मेरी कल्पनाए
मेरा आकाशगगा मे बना चन्दन महल कितना सुरक्षित
एव सुदृढ है।
क्या मैं इतनी भाग्यशालिनी हू ?
क्या लगाने की आवश्यकता आज नही ?
कल भी नही थी।
आने वाले कल मे भी नही पडेगी।
फूलो से उठती महक, कलियो का उभरता तेज, पेडो
के बिखरते पत्ते प्रतिपल यह याद करो
मनचली कि इनके पास बैठकर तुम्हें क्या करना है
तुम क्या करोगी ? और इन्हीं के साथ जुडा है
मनुष्य, अपनी आकाशगगा मे बनी चचल चपल
मेघमालाओ के कणो से तुम और तुम्हारा परिश्रम
शाश्वत रूप से लिपटा है।
"जी।"
"यही तुम्हारी श्रेष्ठ से श्रेष्ठतम नियति होगी।"

(20)

आज हमारे घर मे बडी चहल पहल है।
पापा की प्यारी वहन आई हैं।
और उनके साथ पधारे हैं एक स्वामीजी,
बुआ जी ने आते ही आदश प्रसारित किया मनचली
सिर ढककर स्वामीजी के चरण छुओ। विद्रोही मन
तो शोला होता है। वह कब तत्पर होता ऐसी आज्ञा
मानन के लिए। अत उनके मुह से निकले शब्दो
न सीधा बुद्धि पर प्रहार किया।
"क्या सिर ढका जाए ?"
"वहस मत करो, जानती हो यह बहुत पहुचे हुए ज्ञानी हैं
महात्मा है।"
"पापा से अधिक ?"
"महात्मा और दादा मे अतर "
"नही हो सकता।"
"तुम कब तक अपने को छोटा बच्चा समझती रहोगी ?"
"छोटी तो हू ही।"
"इसम भी जिद।"
"जिद का प्रश्न कहा यह सत्य है।"
मैंन पैर नही छुए रात को भोजन के समय पापा
से शिकायत की गई। पापा पहले तो दो क्षण तक मुझे
देखते रहे फिर मुस्करा दिए।
स्वामीजी की ओर उमुख होत हुए बोले, "स्वामीजी
मैं आपके चरण स्पश कर लू। यह जरा असामाय
प्राणी है हमारे परिवार का।"
स्वामीजी ने बडे प्यार से अपने पास बुलाकर
बिठाया इधर-उधर की बातें की परिवार के सम्बध
मे, मेरी शिक्षा के सम्बध मे, मेरी रुचियो के
सम्बध मे बहुत-सी वार्तें वह करते रह। मुझे उनकी
बातचीत का ढग आकषक लगा। कुछ ही घण्टा में
मैं उनसे घुल मिल गई। मैं भूल गई कि वह यहा
एक विशिष्ट व्यक्तित्व के रूप मे लाए गये हैं
मुझे तो वह एक अच्छे हाजिर जवाब इसान लगे,

मैं भी शायद उनको अच्छी लगी हूगी तभी तो सारा
घर सो जाने के उपरान्त भी मैं और स्वामीजी
बातें करते रहे ।
अच्छा स्वामीजी, यह बताइये मृत्यु के उपरान्त जीव
का क्या होता है ?"
मैंने पापा को भी बैठा रखा था । अपने सामने
सिगरेट पीने पर उन्हें कोई एतराज नहीं था । अत पापा
भी हमारी बातों म रस ले रहे थे
स्वामीजी कुछ बात इससे पूर्व ही पापा ने कहा
एक बात सदा ध्यान रखना मनचली यह सब
बातें सामान्य चर्चा की नहीं हैं यह जीवन और
मृत्यु के रहस्य हैं और इनकी चर्चा करने
का न तुम्हारा अभी समय है और न तुम्हें
इसकी आवश्यकता यह साधना है जो
सामान्य जीवन से हटकर की जाती है, जानती
हो साम्य आतभाग ने एक बार याज्ञवल्क्य
जी से यही प्रश्न पूछा था, उन्होंने कहा—
साम्य आतभाग हाथ आगे बढ़ाकर वचन दीजिए
कि मात्र हम दोनों ही इस रहस्य को जानेंगे
यह चर्चा कभी भी ज्ञान या धर्म का
विषय नहीं बनेगी
आहार सोम्य हस्तमातभाग आवमिवैतस्य वेदिष्याव
न नावनत सजन इति तौ होत्क्रमय म त्रायाञ्चक्रते ।।
स्वामीजी।
एकटक एक क्षण तक पापा का मुह देखते रहे,
फिर अचानक अपने स्थान से उठकर पापा के पास
आकर बैठ गये और बोले दादा मैं तुमको
प्रणाम करता हू ।"
उस रात पता नहीं हम कितनी देर तक बातें
करते रहे । प्रात स्वामी जी बोले, अब मैं अक्सर
यहा आता रहूगा ।
कहकर प्रस्थान कर गये ।
"पापा स्वामी जी ने अपने हथियार आपके सम्मुख
डाल दिए । आपकी विद्वता का लोहा मान लिया
उन्होंने ।"

पापा मुस्करा दिए।
"पापा, आपने उपनिषद पढ़े है ?"
'हा।"
"क्या लिखा है उसमे ?"
"उपनिषद, वेदो का सार है। ब्रह्म वस्तुत ज्ञान का
विषय है उपासना का नही, उपनिषद शब्द का
अर्थ है वह गुह्य ज्ञान जिसे शिष्य गुरु के
चरणो मे बैठकर प्राप्त करता है। इस समय
कुल मिलाकर 250 के करीब उपनिषद उपलब्ध
है। दोएसन नाम के लेखक ने 60 उपनिषदो का
अंग्रेजी मे अनुवाद किया है।"
"पापा उपनिषद किस काल मे लिखे गये।"
"उपनिषदो के काल को निश्चित करना कठिन है।
ह्यूम और कीथ का मत है कि उपनिषदो का
आविर्भाव बुद्ध के जन्म से पूर्व ईसा पूर्व 600
वर्ष के लगभग हुआ। डा० राधाकृष्णनन ने उपनिषदो
का काल 800 से 30 ईसवी पूर्व माना है। यह
वह समय था जब यूनान, चीन, भारत आदि
ससार बडे-बडे देशो मे परम्परागत जीवन
पद्धति पर स्वतन्त्र रूप से छानबीन प्रारम्भ हुई,
काल यास्पस तो इसे विश्व का अक्षीय युग
कहते हैं। मनचली, यह बहुत बड बडे विषय हैं, हम
इतना ही कह सकते हैं कि उपनिषदो म उच्च
आध्यात्मिक सार तत्त्व विद्यमान है।
"पापा आपने कितने उपनिषद् पढ़े ?"
"मैंने तो शायद पांच छह ही उपनिषद पढ़े होंगे"
"आपको उनके आज नाम याद हैं ?"
"हा, मुण्डकोपनिषद, जैमिनीयोपनिषद् वृहदारण्यकोपनिषद्,
कठोपनिषद ईशोपनिषद, नारायणोपनिषद।"
"आपको कौनसा उपनिषद अच्छा लगा ?"
पापा के मुख पर उनकी चिरपरिचित मुस्कान खेल गई।
"इसमे अच्छा और बुरा लगने का प्रश्न ही नही
सभी उपनिषद श्रेष्ठ है जैसे मुण्डकोपनिषद् इसके
प्रथम खण्ड मे आचार्य परम्परा दी गई है।
सब देवताओ मे सब प्रथम ब्रह्मा उत्पन्न हुए उन्होंने

अपने वडे पुत्र अथव को ब्रह्म विद्या का उपदेश
दिया दूसरे अध्याय म वैदिक कम काण्ड का चित्रण
है। ब्रह्म का छदय म प्राप्त करन का उपाय बताया
गया है जिसक अ तगत सब कुछ आत प्रात है
वह आत्मा ज्ञेय है और अन्त म आत्म ज्ञानी
की पूजा के फलस्वरूप के वणन मे प्रारम्भ होता
है। इसी प्रकार इशोपनिषद म कम और ज्ञान
का सु दर सम वय बताया है। जो मनुष्य विद्या
और अविद्या का एक साथ सेवन करता है वह
कम के द्वारा मृत्यु को पार करके नान के द्वारा
अमृत को पा लेता है।"
'पापा आप इतनी वातें जानते हैं। आपन यह सब
पढा है फिर हमको क्यो नही पढाया ?"
"मनचली उपनिषद वेद यह सब विषय अत्य त गूढ
है जनसाधारण की सामा य लीक से थोडा हटकर
मन म ज्ञान उपजाकर अनक तर्कों को ज म देने
वाला, इसीलिए आज की वतमान शिक्षा प्रणाली मे
भी इसका चयन नही किया गया है इस वह ही
पढ सकता है जो स्वय इसे पढने का इच्छुक हो
अगर तुम आज भी यह ग्र थ पढना चाहती हो तो
अवश्य पढो इनको पढन के लिए किसी प्रकार
की उम्र की आवश्यकता नही होती, बस मानवीय
जिनासा ही मात्र सब कुछ है।
'मैं अब इतनी अच्छी सस्कृत पढ सकूगी ?"
'क्यो नही किसी भी ज्ञानी या भाषा को पढ़न क लिए जानने
के लिए, मैंने कहा न कि कोई उम्र नही होती।'
इसी समय ओ० के० चाय लेकर आया।
'पापा आपकी चाय और ओ० के० सदा ही बीच म
व्यवधान उपस्थित कर दत हैं।"
पापा चाय का कप हाथ मे लेते हुए बोले, 'तुम
चाहती हो तो सस्कृत अवश्य पढो। सस्कृत मात्र भाषा
नही है मनचली यह सब भाषाओ की मा है ?"
'लेकिन कितन कठिन हैं इसके शब्द देखकर ही
मस्तिष्क घूमन लगता है मैं कैसे पढ सकूगी ?'
'पढना एक व्यसन है माई डियर, तुम भी जब यह
पढ़ने लग जाओगी तो डूब जाओगी। उतरेगा नहीं इसका

नशा।"

चाय ठंडी हो रही है चाय पीजिए।" मैंने याद दिलायी
उनके हाथ में कब से चाय का प्याला था

□□

आज का समाचार पत्र टाइम्स आफ इण्डिया मेरे हाथ में है
इस बार भी मेरा नाम मेरिट लिस्ट में है मैं दौडकर पापा
के पास पहुच जाना चाहती थी।
लेकिन
पापा टूर पर थ।
इतने में ही टेलीफोन की घंटी बजी मैंने दौडकर रिसीवर
उठाया, पापा की आवाज थी। 'Well done my dear, I am
proud of you my sweet heart"
ओफ मेरे से पहले पापा को पता लग गया यह समाचार
मैं उन्हें अपने मुह से सुनाना चाहती थी।
'पापा आप कभी भी मुझे अवसर नहीं देते?"
"क्या?"
"यह समाचार मैं आपको देना चाहती थी।"
'मैं रात तक घर पहुच जाऊगा। तुम पहले कह देना।'
मैंने अनुभव किया पापा मुस्करा रहे थे। मैंने उन्हें
कभी खिलखिलाकर हसते नही देखा था उनकी
मुस्कराहट इतनी प्यारी थी कि मन के सातो तार
एक साथ बज उठते थे
"आप घर जल्दी जाइये।"
"हा मैं शीघ्र पहुचने का प्रयत्न कर रहा हूं।"
'कब तक पापा।"
"दस बजे तक अवश्य पहुच जाऊगा।"
'दस बजे तो बहुत देर हो जाएगी मैं भिनभिनाई"
'अच्छा बाबा आठ बजे तक पहुच जाऊगा।"
'Promise'
'Promise'
हम सब तैयार बैठे थे आते ही पापा से फरमायश थी
आज डिनर मामा मे खायेंगे।

'चला।'
उस दिन सब मूड म थ सबकी एक ही राय थी
हम सब एक सप्ताह के लिए कही बाहर जायें।
पापा की राय थी कोडयोकनाल चला जाए। रेणु और
पप्पू न कहा कि गाडी से महाराष्ट्र के टूर पर निकला
जाए बाईरोड बाहर गये काफी दिन हो गये हैं। बहुत देर
के वाद विवाद के उपरान्त तय हुआ कि कल पापा 15
दिन म अवकाश के लिए एप्लाइ करेंगे, और उसके उपरान्त
हम लोग महाराष्ट्र के टूर पर निकलेंगे, बम्बई, सिरडी,
पूना औरगाबाद, कोल्हापुर और नासिक।
पापा भी बहुत प्रसन्न थे।
"पापा अब मैं एल० एल० एम० करूगी।"
"क्या अब वकालत करने का इरादा है?" चिर-
परिचित मुस्कराहट पापा के मुख पर खेल रही थी
"दीदी वकालत अच्छी कर सकती है पापा," सबने एक साथ
कहा।
"इसमे शक नही दीदी वकील तो बढिया बन सकती है"
"पापा मैं जो भी काम करती हू अच्छा ही करती हू"
"हा हम सब मानते हैं"। पापा ने सब की ओर
देखते हुए कहा।
आप मेरा एक भी काम ऐसा बताइये जो गडबडिया
टाइप का हो, मेरे सभी काम सुव्यवस्थित ढग से
होते हैं।
"जी, हम मानते हैं," पापा का स्वर था।
'आप व्यग्य कर रहे हैं।"
' इसे तुम व्यग्य समझती हो मनचली?"
"पापा "
मैं कुछ बोलू इससे पूर्व ही पापा बोले, "अच्छा अब
तुम एल० एल० एम० ज्वाइन कर लो।"
"यह सब "
मेरी ओर उन्मुख होते हुए वह बोले छोडो इन्हें, यह सब
बच्चे हैं, वैम तो हम सब को वस्तुत तुम पर गर्व
है रेणु पप्पू यह तो विचारे कभी मैरिट लिस्ट मे
आते ही नही।
मैंने बीच मे ही बात काटकर पूछा "आप कब मेरे

साथ यूनिवर्सिटी चलेंगे ?"

' क्या भई, मुझे यूनिवर्सिटी ल जाकर क्या करोगी ?"

Built up your personality independently my dear पापा ने मेरा कधा थपथपाते हुए कहा।

(21)

पापा के रिटायर होने का समय आ गया था। एक वष ही सम्भवत शेष रहा था।

वह रिटायरमेंट से पूव ही क्लिअरिंग एजेन्ट का काम प्रारम्भ करना चाहते थे, इसी बीच एक फैक्टरी खोली गई। कालेज के साथ साथ पापा न आदेश दिए कि आपको फैक्टरी मे बैठना पडेगा पहले-पहले ता बहुत अखरा लेकिन धीरे धीरे फिर से आफिस मे बैठने की आदत पड गई।

या डाल लेनी पडी।

रिटायर होते ही पापा न मद्रास की एक प्रख्यात कम्पनी साउथ इडिया कारपोरेशन का काम लिया वह स्वतत्र रूप से व्यापार म अवतरित हुए।

और इसी के साथ,

पापा की व्यस्तता ने जीवन का एक नया मोड लिया।

वास्तविकता तो यह है,

कि—

उनके जीवन का एक नया अध्याय आरम्भ हुआ।

पापा के पास भोजन का भी समय नही रहा।

हमारा घर फिर से बट गया।

अहमदाबाद गौण हो गया।

जामनगर, वीरावल, भावनगर और नवालखी ही नही पापा पूरे भारत के स्थाना म बट गये।

हम तो अवाक देखते ही रह गये

जहाज की रोप पकड कर जब पहली बार कैप्टेन से मिलन जहाज पर चढी तो विश्वास हो गया कि अब जिदा नही लौटूगी। समुद्र की चीत्कार करती हुई गजनाओ ने मेरा बहता लहू फ्रीज कर दिया, बरफ

की भांति पिघलती हुई भी स्थिर हो गई मैं
सरसराती हवाए और गर्जन करता हुआ समुद्र दोनों
मुझे सज्ञा शून्य करने के लिए पर्याप्त थे मैंने जीवन
मे कभी भय का शब्द नही सुना था और उस
दिन मेरे पास भय के अतिरिक्त कुछ नही था मात्र
भय से त्रसित, भय से शापित पहली बार मैंने
अनुभव किया कि जीने की चाह कितनी तीव्र होती है
मानव मन मृत्यु से कितना भयभीत रहता है, मैं
वह रोमाचक क्षण कभी नही भूल सकूंगी मेरे दोनो
ओर जिन्दगी और मौत का सघर्ष चल रहा था
दोनो की स्पर्धा अति द्रुतगामी थी, और दोनो
मे से कोई भी पीछे हटना नही चाहता था।
क्या विशाल समुद्र मे मेरी जल-समाधि बन
जायेगी, इसी झूले मे हिचकोले खाते मैं
कब ऊपर पहुच गई भय और
प्रसन्नता का मिश्रण मुझे थपकी दे रहा था मैं
आख भी नहीं खोलना चाहती थी ऊपर पहुचते
ही पापा से ऐसे लिपट गई मानो मुझे यमदूत
लेने आए हो और मैं जाना नही चाहती।
यह भी जीवन का एक प्रथम अनुभव था
हम कितनी आसानी से कह देते हैं मर जायेंगे लेकिन
वास्तव मे मरने से कितना डर लगता है, मृत्यु का
नाम! उस दिन मैंने अनुभव किया कि जीवन जीने से
बडी कोई साध नही और इसी अनुभव के
साथ जीवन की क्षणभगुरता का एहसास हुआ
जीवन की राह बदल गई,
प्रात सूरज उगता दिखाई देता, रात्रि कब अपने अधकार
मे सबको ढक लेती है पता ही नही चलता जब
पापा लौटते तो गगन के चाद तारे मुझे मुह
चिढा रहे होते
अथक परिश्रम करते थे पापा उनकी गाडी नेशनल हाइवे
पर ही दौडती रहती थी।
"पापा, आप बहुत काम करते हैं'
"अच्छा।"
"आप कितना ।" कुछ क्षण रुक कर मैं पुन बोली,
"आप थक नहीं जाते?'

"काम तो करना ही पडता है मनचली, उत्तरदायित्वो और कर्तव्यो को वहन करने के लिए हमे जीवन की इस लम्बी रेस म भाग लेना ही पडता है।"
"हमारा जीवन तो पापा ऐसा प्रतीत होता है मानो होटलो और सर्किट हाउसो का ही होकर रह गया है, अब अपने घर कब चलेंगे, मेरे शब्दो म उकताहट थी"
"घर"
"और क्या यह भी कोई जीवन है ?"
"तुम बहुत सोचती हो '
"आप सोच कहते हैं ?" अक्सर मैं चिढ जाती थी, पापा कहा वह आपके प्यारे प्यारे पन कहा वह वेद उपनिषदो की चर्चा और कहा यह जीवन जहा न समय है न शब्द पापा काम का प्रश्न नही है ना ही उससे घबराहट है लेकिन मैंने नौकरी इसलिए छोडी थी कि अब हम सब आपके पास रहेंगे राहगीरो या अतिथियो की भाति नही परिवार एक परिवार की भाति लेकिन यहा तो कुछ और ही हो गया पहले तो महीने म दो-तीन दिन तो मात्र मेरे ही होते थे लेकिन अब तो इस रोड ने सब कुछ छीन लिया।
पापा मुस्करा दिए।
वास्तव मे बहुत थक गई थी मैं।
' पापा मैं बहुत थक गई हू" मेरे शब्दो म निराशा थी।
' तुम अगर थक जाओगी तो हमारा क्या होगा ?" पापा ने पूछा।
"आप तो लोह पुरुष हैं मैं नही।"
"सतत कर्म करते रहने का नाम ही जीवन है"
' मुझे यह जीवन नही चाहिए। अगर इसी का नाम जीवन है तो। दिनभर टेलीफोन की घटिया कारो की रेस, सडको की मीलो लम्बी दौड, गेहू और खाद की बोरिया।"
इस बार पापा जोर से हस दिए।
"आप हसते हैं।"
"मुझे अब विश्वास होता जा रहा है कि तुम कभी बडी नहीं होओगी।"
"आप टालिए मत।"
"टाल नही रहा, वास्तव मे मुझे तुम्हारी चिन्ता होने लगी है।

मेरे बाद तुम्हारा क्या होगा ?"
"क्या ?" मैंने अनुभव किया कि वह गम्भीर हो गये हैं
ऐसा वाक्य तो उन्होंने आज तक कभी नही कहा था। मैं
एकटक उनका मुह देखती रही।
पापा पुन बोले "मैं सच कह रहा हू मुझे तुम्हारी
बडी चिन्ता होती है।"
'मेरी चिन्ता और आपको ?"
पापा अभी भी गम्भीर थे बोले, "my only problem is
that I will never stop thinking about you
as long as I live How to treat this love
of mine is in your hand"

'पापा"
'हा मनचली इतना अवश्य विश्वास रखना कि मैं पहले
तुमको और बाद मे स्वय को देखता हू तुम कैसे खुश
रहोगी इसकी ही चिन्ता करता हू।"
मेरा मन भर आया।
आखें भीग गईं।
ऐसे वाक्य इससे पूर्व कभी पापा के मुह से नही सुने थे
आज यह अनुभूति कुछ विचित्र सी लगी।
पापा डाक पर चले गये।
मैं पलग पर लेटी अपने विचारो की खाई म गहरी उतरती
गई। मानस पट पर पापा के शब्दों का जाल बिछ गया था
उस जाल मे एक भी छिद्र न था जहा से फाडकर उसे
बाहर निकल सकती।
आज यह चर्चा क्यो ?
मन विचारो के सघर्ष को लेकर बीहड जगल मे भटकता रहा
पर राह उसे कही नही मिली डर नही, पर आश्वस्तता भी
नही थी पता नही कब आख लग गई।
मेरे लिए यह भी एक विचित्रता थी दिन मे सोना, वह
अपने लिए लाचारी हो सकती है मन का द्वन्द्व तन की
थकान जो कुछ भी हो पर सो अवश्य गई थी इसम
न शका थी न प्रश्न।
भावी झझावतो क कुछ सकेत होते हैं जो सामान्य
घटना क्रम कहकर या तो हम टाल जाते हैं या भूल
जाते हैं उन्हें उपेक्षित कर देत हैं लेकिन जब जीवन के
पृष्ठ पलटते हैं तब पता लगता है कि उस दिन

की उदासी क्यों थी, उस उमस का अर्थ क्या था,
शायद महापुरुष इस अवस्था को समझ सकते हैं ?
मैं और तुम या आप का एकात्मक लयलीन होने
पर भी सम्भवतः यह भावना या यह अनुभूति
समझना मेरे सामर्थ्य से बाहर !
जीवन चक्र चल रहा था।
मन में कहीं कुछ अच्छा नहीं लगता था, मुझे ऐसा
लगता कि हम अधिक प्रसन्न हैं, मैं पापा के बहुत
नजदीक हूं, नहीं मैं पापा से बहुत दूर हो गई
हूं, कैसी विचित्र अनुभूति थी, जब पापा सर्विस
में थे। भौतिक रूप से शायद हम आज
जितने सम्पन्न नहीं थे पर आत्मिक रूप से बहुत
अधिक। धीरे धीरे विचारों के संघर्ष या टकराव
की उथल-पुथल की पीड़ा ने क्षय का रूप ले लिया था
और यह रोग मेरे मात्र मन मस्तिष्क पर ही नहीं
सम्पूर्ण अस्तित्व पर छाता जा रहा था।
मेरा परीक्षाफल घोषित हुआ मैंने एल० एल० एम० में भी
प्रथम स्थान प्राप्त किया।
सदैव की भांति इस बार भी पापा बहुत प्रसन्न थे।
परीक्षाफल के दूसरे दिन ही मेरी पुस्तक प्रकाशित
होकर आई।
पापा की प्रसन्नता का वर्णन शायद शब्दों में कभी नहीं
कर पाऊंगी।
मैं तो आसमान पर थी।
प्रथम प्रकाशित कृति का एक नशा होता है यह मैंने उस दिन
अनुभव किया था फिर तो यह नशा मेरे जीवन की आवश्यकता
बन गया। शर्नः-शर्नः मैं व्यसनी होती गई और पापा तो
यही खोजते रहे कि अपने हृदय के कौन से कोने में मुझे
छिपा लें।
इस अप्रतिम प्रसन्नता में निमग्न पापा
को बहुत दिनों के उपरान्त अवकाश मिला था कल ही
जहाज रवाना हुआ था और आगामी एक सप्ताह तक किसी
भी पोर्ट पर जहाज आने वाला नहीं था, मैंने पोर्ट बच्चे की
भांति जिद की।
"पापा क्यों न एक सप्ताह के लिए हम सागर पर चलें ?"

पापा मेरी अकुलाहट स परिचित थ अत मुस्करा कर बोले
"दुपहर का खाना खाकर अहमदाबाद के लिए निकलते हैं।"
मेरी तो प्रसन्नता के मारे भूख ही समाप्त हो गई। पिछले
पाच महीने से इस बन्दर स उस बन्दर, यहा से वहा
कर रहे थ। घर म अर्थात् अहमदाबाद म एकछत्र
राज्य बस ओ० के० का था।
घर आकर लगा स्वग म आ गई पता नही क्यो बचपन
स ही मेरे मन म अपने घर की एक विशेष कल्पना थी
साफ सुथरा गुडिया की भाति सजा हुआ मेरा घर
भीनी-भीनी अगरबत्तियो की सुगन्ध से महकता मेरा
घर।
पापा अक्सर मुझसे कहा करते थे। "मनचली जानती
हो मैंन एक साथ बहुत से प्रशसात्मक रूप देखे
हैं तुम्हारे इसीलिए तो मुझे गव है तुम पर।"
पापा की प्रशसा।
मेरी खुराक थी।
पचभूति का सम्मिश्रण था उसम।
उनकी प्रशसा मे मुझे देवत्व के दशन होते थे
मेरे जीवन की वह सफलता थी उपलब्धि थी,
क्या थी
यह लिखना मेरी लेखनी के लिए असम्भव है।

(22)

दो वष व्यतीत हो गय।
समय पख लगा कर उन्मुक्त पक्षी की भाति ही
शायद गगन मे विहार करता है इसीलिए तो
शायद हम उसे कभी पकड नही पाते।
Time and tide waits for nobody हा
वह प्रतीक्षा भी कब करता है ?
इसम,
और एक दिन,

उस दिन की एक सामान्य घटना ने जीवन का
चक्र मोड दिया, राह मे, नितान्त अकेली ही
खडी रह गई। आगे पीछे, दाए बाए कोई नही
इस विश्व की दुगम राहो पर जहा प्रवेश की
कठिनाई एक समस्या होती है, वहा मेरी जैसी
जो कभी किसी उद्यान मे भी राह खोजने, टहलने
के बहान से नही गई वह विश्व के ढेरो
अपरिचित रास्तो म से अपना रास्ता कैसे चुनेगी,
या तो ठगी सी खडी रह जाती या हिंसक जानवरो
का ग्रास बन जाती।
लेकिन ऐसा कुछ नही हुआ।
वेदना इसी बात की है।
रात रोते जीना और जीते-जीते रोना दोनो म मा
जाया रिश्ता है।
शायद इसीलिए सुख और दुख भी मा जाये हैं।
भटकाव ही जीवन का सम्बल है नही, सच तो यह
भावनाओ के साथ किया हुआ दुराग्रह है।
मेरे जीवन का सबसे अभिशापित दिन।
भावनाओ की भूमि पर आन्तरिक मन की प्रयोगशाला मे
से बवडर उठा जिसन मुझे मेरे चन्दन महल से निकाल
कर त्रिशुक की भाति गगन म लटका दिया। धरती के
गभ से कोमल कोपलो के स्थान पर निकले दहकते
आग बबूले जिन्होंने मुझे भस्म कर दिया।
एक शापित मानव बनाकर मेरी आखो पर पट्टी बाधने
के लिए मुझे ही विवश कर दिया।
पापा उस दिन आफिस से जल्दी लौट आये थे उन्होंने
बताया कि उनके घुटन मे बहुत दद हो रहा है।
उस दिन क्या पता था कि वह सामान्य दद नही था
हमारे खिलखिलाते परिवार को किसी की नजर लग गई थी
और स्वय काल हमारे द्वार पर आकर दस्तक दे रहा था।
कब तक हम द्वार बन्द रख सकते थे ?
आसमान टूट पडा,
कितने तारे एक साथ टूट ?
कितने पर्वत ढहे
मन तो बडा कोमल है ?

जब डाक्टर ने यह बताया कि उन्हें कैंसर है
और इस मंच से उनका कलाकार जीव अब विदा
लेने की तत्परता में है।
सुनकर रोंगटे खड़े हो गये।
पृथ्वी थम गई।
जीव जो मेरे अन्तगत कुलबुला रहा था वह
तो थम गया, स्तब्ध
त्रिशुंक हां न ऊपर आकाश न नीचे धरती।
कितने युगों के उपरान्त आज अग्नि और अम्बर
एक साथ रो दिये, सिसकियां भी इतनी तीव्र थीं
कि कान पड़ी आवाज नहीं सुनाई दे रही थी,
नियति ढोल बजा-बजाकर, काल के साथ आकर
हमें सचेत कर रही थी लेकिन किस को
अवकाश था काल से वार्तालाप करने का हम
तो जीवन चाहते थे जिन्दा रहना चाहते थे
लेकिन क्या काल रहम करेगा ?
सत्य !
उसने किसी पर रहम किया है ?
पापा को कैंसर !
कैंसर !
कैंसर !
कैंसर !
हां लंग कैंसर था।
"डॉ॰ कोई उपाय नहीं ?"
"नहीं'
कितनी मर्मभेदी शब्द थे अन्तर को चीर जाने वाले
फिर भी पूछा था, "डॉ॰ सच बता दीजिये यह
सांसें कब तक हैं ?"
मेरी प्रतिपल रोती आंखें मेरा बहका बहका चेहरा,
मेरी पापा के प्रति प्रगाढ़ आसक्ति सब कुछ वह
एक सप्ताह मे पहचान गया था,
"मुझे गलत नहीं बताइयेगा डॉ॰ साहिब।'
"डॉक्टर !"
' सच यही है अधिक से अधिक, Be brave young Lady '
"पीड़ा, यातना यह तो बहुत छोटे शब्द हैं।"

सारी रात आखों मे कट गई।
पापा के बिना जीवन
जी, पाऊगी, क्या करूगी जीकर ?
दशो दिशायें एक साथ प्रकम्पित होकर आत्तनाद
क– रही थी मेरे साथ, कैसी विवशता थी मैं जी रही
थी या मर गई थी ?
घुट रही थी।
आकाश की धु ध
शहरो की धु-ध,
सभी ने देखी है, मन का धुध भी कभी कोई देख
पाता, आज तक मैंने जीवन म कोई काम घुट घुट
कर नही किया पर आज मेरा सम्पूण अस्तित्व
ही घुट रहा था मैं न कुछ सोचने मे समथ
थी न कुछ बोलन म, क्या सोचू क्या बोलू
की स्थिति म जीने के लिए विवश थी, यह
कैसी विवशता थी, कैसी भाग्य की विडम्बना
अरे।
मैंने अपनी पीडा का चोला उतार कर फेंक दिया। तन
से मन विलग कर दिया।
यह मेरे दुख करन का समय नही था।
जो कैंसर सुनन के उपरा त स्वय को जीवित लाश
समझने लगी थी वह स्वय स्वचालित यत्र बन
गई। उसके अन्तगत अदम्य साहस का प्रादुर्भाव
हा गया। प्रात से सध्या, सध्या से मध्य रात्रि
तक सडको पर चक्कर लगान लगी। इस डाक्टर से
उस डाक्टर तक। इस मन्दिर से उस मस्जिद
तक, इस बैरागी स उस बाबा तक इस ओझा
से उस मौलवी तक।
जिनका जीवन मे कभी नाम भी नही सुना था
उन्ही के दिन रात चक्कर लगा रही थी। आशा
कितनी बडी विडम्बना है।
"आप सिगरेट पीना छोड दीजिय।' डॉ० पटेल न मुस्कराते
हुए कहा।
"डाक्टर कैंसर का रोगी बचता नही है न फिर मेरा
जीवन तो आप बहुत थोडा बता रहे हैं, बस कुछ

ही दिनों का मेला है और आप जानते हैं कि
यह मेरी चालीस वर्ष पुरानी दोस्त है अब इस
समय इसे क्या रोकते हैं ?"
पापा डाक्टर से कह रहे थे, "मेरा रोम-रोम
हाहाकार रहा था।"
"डॉक्टर मैं पापा को बाहर ले जाऊं ?"
"आप क्यों उन्हें भारत से बाहर ले जाने की बार-बार
जिद कर रही हैं वह इस स्टेज पर है कि
उन्हें कुछ फायदा नहीं होने वाला है।"
"एक बार ले जाने मे क्या हर्ज है डॉक्टर ?"

□□

एअर बस हमें भारत से दूर ले जा रही थी। मैं
बराबर अनुभव कर रही थी कि पापा को बहुत कष्ट
हो रहा है मैं उनके मुख की प्रत्येक रेखा पढ
सकती थी, काश मैं उनका थोडा सा भी कष्ट
बटा सकती ?
एक महीना
"मनचली वापिस घर चलो।"
सेण्ट जोजफ मेरी अस्पताल, अमरीका वीजोन
अस्पताल कोई पापा को रोक नहीं सका।
उनकी आकृति हां अब वह मात्र आकृति
ही रह गये थे उनकी आकृति में याचना थी या
अधिकार यह मैं नहीं समझ पाई
लेकिन वह मेरे सम्मुख प्रतिपल
आगे बढते जा रहे थे। मैं उन्हें अपलक मौन
देखती रहती इतना क्रूर और घृणित उपहास नियति
का मेरे साथ क्यों ?
मन का भ्रम इतने पर भी जीवित था।
शायद कुछ चमत्कार हो जाए।
देवी, देवता, व्रत, जप, अनुष्ठान भूत-प्रेत पिशाच

जीवन मे जिन्हें कभी भूलकर भी स्मरण नही
किया था आज वह सभी मेरे विश्वास
के सशक्त स्तम्भ थे । मैं बडी निष्ठा से प्रत्येक
क द्वार पर दिन मे अगणित बार हाथ जोडती
थी ।
प्रत्यक्ष एव परोक्ष दोनो रूपा मे ।
मब व्यथ
सब निरथक ।
कभी कभी लगता, जाने वाला शायद जाना नही
चाहता, वह चाह भी कैसे सकते थे । मुझे छोडकर
जाना लेकिन प्रहरी निरतर दस्तक दे रहा था ।
दोना ही सत्य थे ।
बालना प्राय बन्द हो गया था जब कुछ मैं बहुत
पूछनी तो वह मात्र सिर हिला देते थे ।
उन्हे बहुत पीडा होती थी ।
डाक्टर कहता था कि इस रोग मे भयकर दद होता
है ।
दिन मे चौदह-चौदह इजेक्शन लगते थे, मैं मौन
मूक ।
रो भी तो नही सकती थी ।
एक दिन पता नहीं किस बात पर वह डाक्टर से कह
रहे थे । "तुम क्या जानो मुझे कितना दर्द होता है ।
डॉक्टर !"
आज सोचती हू अगर मैं नही जान सकी तो
डॉक्टर क्या जानेगा ?
दद का अनुपात कितना है जा इन्सान स्वय सह
रहा है क्या मैं उस दद को अनुभव कर सकी ।
समझ सकी ?
सच !
नही !
पीडा तो मुक्ति देनी है । अर्थात् पीडा की मुक्ति
एक दिन
आफ
मैं डॉक्टर को बुलाने जा रही थी उन्होंने मुझे इशारे
स बुलाया और धीरे से बोले, "मनचली

खिड़की खोल दो।"

"क्या पापा ?"

"I am awaiting far my death"

काँप गई मैं।

शायद एक पूरे वाक्य के रूप म यही उनका अन्तिम
वाक्य था।

दूसरे दिन।

पूव की ओर से लाल आ.ी चली जो अपने साथ
सब कुछ उडाकर ले गई।

पापा न एक दिन बताया था कि, कालिदास सस्कृति हैं
ता शेक्सपीयर प्रगति !

तो पापा आप क्या और मैं क्या ?

आप सस्कृति हो सकते ह लेकिन मैं प्रगति नही हो
पाई। प्रगति हा प्रगति अगर होती
ता आप जा कैसे सकत थे।

मेरा प्रेम शायद प्रेम नही,
मेरी भक्ति शायद भक्ति नही, पापा न मैं आपकी
अहेतुकी भक्ति कर पाई न अव्यभिचारिणी और
न ही अनपायिनी।

विश्वास कीजिए आविक्षकी भक्ति मे भी सफल
नही हो पाई लेकिन ?

तीन माह दस दिन।

पूव की ओर से ऐसी भयानक आधी चली जो
अपन साथ सब कुछ उडा कर ले गई। कितनी बार
दोहराऊगी यह वाक्य, कितनी बार।

विवशता मात्र विवशता ही तो है मेरे पास।

पूव की ओर ही उनके पैर थे।

तीन माह, दस दिन।

कितनी बार उगलियो पर मैंन दिन गिने हैं।

हजारो बार,

लाखो बार।

मैं बार-बार बोले जा रही थी।

लेकिन

सब व्यथ,

मेरा एक शब्द भी शायद उन तक नही पहुच रहा

था।

शायद क्या सत्य।
क्रूर काल ने,
नियति ने,
या,
स्वय आपने।
किसन
मेरे साथ
विश्वासघात किया था।
क्यो ?
क्या अपराध था मेरा ?
रोग तो शायद मुझ छोड जाने का मात्र बहाना था।
लेकिन,
स्मृति रोग तो मेरा निजी है, मेरी इस आत्म पीडा
की कोई चिकित्सा नही। किसी शास्त्र म इसका
निदान नही।
मुझसे पापा आपने अथाह अगाध प्यार किया।
क्या,
मृत्यु से भी आपने अथाह-अगाध प्यार किया था ?
मैं हार गयी।
पराजय की पीडा
वह विजयी घोषित कर दी गयी।
क्यो ?
क्या हुआ ऐसा ?
जीवन भर जिसको आपने विजयी घोषित किया उस
ही आप पराजित कर गये।
पना।
नही,
कब तक मौन एकाकी अपने प्रश्नो के लिए घमती
रहूगी ?
चातक।
पर मुझे अब कभी कोई बूद नही मिलेगी।
कभी नही।
जीवन
के सतत सघर्षो

का,
पीड़ा
या
पूर्वजन्म के अभिशाप का,
प्रथम अध्याय,
प्रारम्भ,
वास्तव में कफन की आज मुझे आवश्यकता है।
मात्र,
मेरे कफन की।

डॉ इन्दिरा दीवान

- पी एच० डी०, एम० ए० (समाजशास्त्र) एम० ए० (अर्थशास्त्र) एल० एल० बी०, साहित्यरतन
- कई वर्ष तक मध्य प्रदेश समाज कल्याण बोर्ड की मनोनीत सदस्य
- अनेक सामाजिक शैक्षणिक संस्थाओं से सम्बद्ध
- देश विदेश का व्यापक भ्रमण। बहुत बड़े व्यवसाय से सम्बद्ध होने के बावजूद लिखने पढ़ने का अपरिमित शौक। नौ उपन्यास प्रकाशित हो चुके है।